हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–29 : जौनपुर, सोमवार 19 सितम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## आचार्य धर्मेंद्र का निधन सनातन धर्म की अपूरणीय क्षति – मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आचार्य धर्मेन्द्र के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है। अयोध्या के राम जन्मभूमि आंदोलन और गौ रक्षा के लिए अनशन करने वाले आचार्य का सोमवार को जयपुर में निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। उनके निधन पर संवेदनाएं व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने ट्वीट किया कि श्रीमद् पंचखण्ड पीठाधीश्वर आचार्य धर्मेन्द्र जी का निधन सनातन धर्म की अपूरणीय क्षति है। आचार्य धर्मेन्द्र जी का पूरा जीवन सनातन हिन्दू धर्म के लिए समर्पित था। श्री राम जन्मभूमि, गो–रक्षा आन्दोलन में आचार्य जी का योगदान अविस्मरणीय था। उनका निधन समाज की अपूरणीय क्षति है। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने



श्री चरणों में स्थान दें तथा उनके धर्म परिवार, शुभ–चिन्तकों एवं भक्तों को इस आघात को सहने का सामर्थ्य दें।

## भाजपा कार्यालय पर लोकसभा प्रवास योजना के संदर्भ में बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता में लोकसभा प्रवास योजना को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह उपस्थित रही। कार्यक्रम का सुभारम्भ पार्टी के पुरोधा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पण्डित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। उसके उपरान्त जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने मुख्य अतिथि अन्नपूर्णा देवी एव विशिष्ट अतिथि कमलावती सिंह को पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। लोकसभा प्रवास योजना के मुख्य अतिथि ने कहा कि लोकसभा 2024 की तैयारी में कार्यकर्ता लग जाए क्योकि लोकसभा चुनाव 2024 अति महत्वपूर्ण है। इसमे मुख्य रूप से निर्वाचित सदस्यो से विशेष रूप से निवेदन किया कि आप लोग जनता के बीच मे जाकर सरकार द्वारा किये गये कार्य को गिनाये। मोर्चा के कार्यकर्ताओ से कहा कि आप लोग जनता के बीच मे जाकर सरकार द्वारा जो सुविधा मिल रही है जिनको उस सुविधा को मिलने में जो भी दिक्कत आ रही है उसको दूर करने की कार्य करे।पिछले लोक सभा चुनाव में जो हम हारे है उसको हमको किसी भी हालत में विपक्षी से उस सीट को जीतना है। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह कहा कि भारतीय जनता पार्टी को उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक विजय मिली। यह शानदार और ऐतिहासिक विजय सभी के परिश्रम से मिली है। इस विजय के साथ ही भारतीय जनता पार्टी ने कई बड़े अंधविश्वास भी तोड़े हैं। तमाम मिथकों और षड्यंत्रों को धूल धूसरित करते हुए भाजपा ने उत्तर प्रदेश में दोबारा




सरकार बनाई है। उसी तरह लोकसभा चुनाव 2024 में इस बार सभी मिथको को तोड़ते हुये भाजपा फिर से 2019 के इतिहास को दोहरायेगी। भाजपा सरकार देश में मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। जनता ने भाजपा की सरकार पर भरोसा जताया है। हम भी इनके भरोसे पर खरा उतरने में लगे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में एक भारत–श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार हो रही है, नए भारत का निर्माण प्रारंभ हो गया है। अब देश नए भारत की ओर अग्रसर है। इसके पहले लोकसभा प्रवास के जिला संयोजक एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुशील मिश्रा ने की। उसके उपरांत महिला मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्व बैठक की जिसमे महिलाओ के समस्या को सुनी। सिकरारा ब्लॉक के पाण्डेयपुर गांव में अमृत सरोवर का दौरा कर और वहा पर श्रमदान की। उसके उपरान्त पाण्डेयपुर गांव के दलित बस्ती में भ्रमण किया और उनकी समस्याओं को सुना और निस्तारण करने की अधिकारियों को निर्देश दिया और मेवालाल के घर पर भोजन की। उसके उपरान्त ताहिरपुर गांव में बूथ अध्यक्ष कमलेश चौहान के अध्यक्षता में बूथ समिति की बैठक ली। उक्त अवसर पर ब्लाक प्रमुख, नगरपालिका चेयरमैन, जिला पंचायत सदस्य, सभासद, सहकारी समिति सदस्य और निर्वाचित प्रतिनिधि सहित पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कलेक्ट्रेट सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए निस्तारण किया गया। समाधान दिवस के अवसर पर एक्सइएन पीडब्ल्यूडी, एबीएसए नगर, एबीएसए बक्शा सहित अन्य 12 अनुपस्थित अधिकारियों का आज का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण देने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। इस अवसर पर कुल 65 प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त हुए जिनमें से 08 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया और शेष प्रार्थनापत्र सम्बन्धित अधिकारी को सौपते हुए निर्देश दिया कि 07 सप्ताह के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये। पुलिस एवं राजस्व विभाग की 05 टीमों को मौके पर जाकर निस्तारएण के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिये गये। जासोपुर निवासी दीपक चौबे ने शिकायत की कि गांव के दुधनाथ यादव के द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है, जिसपर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर ज्योति सिंह को निर्देश दिया कि टीम लगाकर जाँच कराते हुए आवश्यक करवाई करें। मड़ियाहूं के रविन्द्र



जायसवाल ने प्रार्थना पत्र दिया कि उनकी जमीन पर उनके चाचा की द्वारा कब्जा कर लिया गया है जिस पर उप जिलाधिकारी को मड़ियाहूं को निर्देश दिया कि जांच कर कार्यवाही की जाए। समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के समक्ष मुख्य रूप से राजस्व की शिकायत प्राप्त हुई, जिसे सम्बंधित अधिकारी को निस्तारण के निर्देश दिए। राशनकार्ड, आवास की शिकायत प्राप्त हुई। समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों के द्वारा स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक शहर डॉ0 संजय कुमार, पीडी जयकेश त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी बी.बी. सिंह, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कोलाज में आंचल आस्था प्रियांशु प्रधान स्लोगन में प्रीति सिंह को प्रथम पुरस्कार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राष्ट्रीय हिंदी दिवस सप्ताह समारोह के पांचवें दिन वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान में प्रबंध अध्ययन संकाय, जनसंचार विभाग और आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में कोलाज एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 145 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया । इस कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कोलाज एवं स्लोगन के माध्यम से कागज पर उकेरा और बहुत ही सुंदर कलाकृति बनाई । कोलाज प्रतियोगिता में ''आंचल शुक्ला, आस्था पांडेय, प्रियांशु प्रधान'' को प्रथम पुरस्कार, ''शुभम गुप्ता ग्रुप'' को द्वितीय पुरस्कार ,एवं प्रीति तथा अमीषा एवं ग्रुप को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। स्लोगन प्रतियोगिता में ''प्रीति सिंह'' को प्रथम पुरस्कार ''अंशिका विश्वकर्मा'' को द्वितीय पुरस्कार एवं ''श्रेया तथा रूपाली'' को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पूजा सक्सेना के संयोजन के अंतर्गत किया गया, जिसके आयोजन सचिव डॉ विनय वर्मा द्वारा सभी छात्र–छात्राओं को



प्रोत्साहित करते हुए प्रतिभाग करने के लिए आमंत्रित किया गया। सुश्री जया शुक्ला संयोजक कोलाज द्वारा सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ धर्मेंद्र सिंह एवं डॉक्टर सत्यम कुमार उपाध्याय ने अपनी महती भूमिका अदा की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. वंदना राय, प्रो. रजनीश भास्कर, डॉ. सुनील कुमार सह समन्वयक, श्री लाल बहादुर एवं छात्र आशीष सिंह, गौतम गुप्ता, रजनीश दत्त पाठक एवं छात्रा सरोजनी सिंह, अर्शा, खुशबू इत्यादि उपस्थित रहे।

## इंस्पेक्टर आलोक राय के नेतृत्व में कृष्णानगर पुलिस ने 24 घण्टे के भीतर हत्या की घटना में शामिल अभियुक्तगण किए गिरफ्तार

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कमिश्नरेट लखनऊ में अपराध की रोकथाम हेतु, अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु एस0बी0 शिरडकर, पुलिस आयुक्त लखनऊ के द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर्णा रजत कौशिक, पुलिस उपायुक्त मध्य, लखनऊ, राजेश कुमार अपर पुलिस उपायुक्त मध्य लखनऊ के श्रीवास्तव, कुशल पर्यवेक्षण एवं अरविन्द कुमार वर्मा, सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णानगर लखनऊ के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर आलोक कुमार राय के नेतृत्व में थाना कृष्णानगर पुलिस टीम के त्वरित कार्यवाही के फलस्वरूप पुलिस सूचना तन्त्र की मदद से महज 24 घण्टे के भीतर घटना का सफल अनावरण करते हुए मु0अ0सं0 481/2022 धारा 376 डी / 302/201 भा0द0वि0 थाना कृष्णानगर कमिश्नरेट लखनऊ से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. हर्षित शुक्ला 2. प्रेमचन्द्र शुक्ला 3. माधुरी शुक्ला को दिनाँक 18.09.2022 को सदरौना बार्डर पण्डितखेड़ा के पास से गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण को न्यायिक अभिरक्षा में भेजकर विधिक कार्यवाही की जा रही है। इंस्पेक्टर आलोक राय ने बताया कि दिनाँक 16.09.2022 को पण्डित खेड़ा में ट्वीवेल के गढ्ढे में बोरे में बंद शव की सूचना प्राप्त हुई इस सूचना पर मै प्रभारी निरीक्षक मय फोर्स मौके पर पहुँचकर तत्काल मृतका के शव को बाहर निकलवाकर आस पास के लोगों से शव का शिनाक्त कराया गया तो शव की शिनाक्त मृतका उम्र करीब 25 वर्ष के रूप में हुई। जिसकी सूचना मौके पर ही उसके परिवारीजनों को दी गयी एवं शव का




नियमानुसार पंचायतनामा कराकर शव का पोस्टमार्टम की कार्यवाही करायी गयी। प्रकरण में परिजन की तहरीरी सूचना के आधार पर अभियोग पंजीकृत कराया गया एवं घटना के अनावरण के लिए तीन टीमों का गठन कर महज 24 घण्टे के भीतर घटना का सफल अनावरण किया गया। इंस्पेक्टर आलोक राय ने बताया कि आरोपी से पूछताछ एवं विवेचना से यह तथ्य प्रकाश में आया कि ये लोग विगत 08– 09 माह से लिव इन रिलेशन में रह रहे थे मृतका अक्सर पैसे की माँग करती रहती थी जिसके कारण आपस में अक्सर विवाद हुआ करता था दिनाँक 12.09.2022 को अभियुक्त हर्षित, मृतका को बाहर घुमाने के बहाने अपने घर पर ले जाकर गला दबाकर हत्या कर दी गयी तथा लाश को अपने कमरे में 02 दिन तक छुपा कर रख दिया एवं 02 दिन के पश्चात अपने माता पिता के सहयोग से लाश को माता – पिता की मदद से कम्बल में बांधकर प्लास्टिक के बोरी में रखकर एक ठेला पर रखकर राम दास स्थिति ट्वीवेल के गढ्ढे में छिपा दिया था। गिरफ्तार शुदा समस्त अभियुक्तगण को न्यायिक अभिरक्षा में भेजकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पलिस टीम में इंस्पेक्टर आलोक कुमार राय, उप निरीक्षक महेश कुमार उप निरीक्षक अभय कुमार बाजपेयी, कांस्टेबल योगेन्द्र सिंह, प्रदीप कुमार यादव, थाना कृष्णानगर, कमिश्नरेट लखनऊ शामिल रहे।

## प्रधानमंत्री के विराट व्यक्तित्व व कृतित्व से देशवासियों को मिलती है प्रेरणा – जिला सूचना अधिकारी

जौनपुर सू.वि. : एक भारत–श्रेष्ठ भारत के शिल्पकार, मॉ भारतीय के अनन्य साधक, भारतीय जन आकांक्षाओं के प्रतिबिंब, विश्व नेता, भारत गणराज्य के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन अर्थात 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर महात्मा गॉधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती तक आयोजित होने वाले ''सेवा पखवाड़ा'' के द्वितीय एवं तीसरे दिन भारत के आदरणीय प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित सूचना विभाग द्वारा विकास भवन के ग्राउड फ्लोर पर लगाई गई ''कहानी भारत मॉ के सच्चे सपूत की'' छायाचित्र व पुस्तक प्रदर्शनी का कम्पोजित विद्यालय मियांपुर के कक्षा 06, 07, 08वी के बच्चों और अध्यापिकायें सहित खण्ड शिक्षा अधिकारी और अमजनमानस को अवलोकन कराते हुए जानकारी जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय ने दी। उन्होंने बच्चों को भारत के प्रधानमंत्री जी के जन्म से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक के बारे में विस्तार से बताते हुए बच्चों का मनोबल बढ़ाया कि आप सभी मेहनत परिश्रम के साथ परिवार, समाज का नाम रोशन करें। सूचना विभाग के सौजन्य से लगाई गयी प्रदर्शनी का अवलोकन कराते हुए जिला सूचना अधिकारी द्वारा जनपदवासियों को प्रदर्शनी की विषय वस्तु के बारे में विस्तार से बताया गया तथा प्रधानमंत्री मोदी जी के बचपन से अबतक की कहानियों, उपलब्धियों, महत्वपूर्ण निर्णय, जनहितार्थ योजनाओं, देश की प्रगति हेतु नवाचार अभियानों को प्रदर्शनी में लगे फोल्डर के माध्यम से विस्तार से समझाते हुए प्रकाश डाला। मा0 प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी की दर्शकों द्वारा प्रशंसा की गयी। जिला सूचना अधिकारी ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी का जीवनी एक प्रेरणास्रोत है जो हर उम्र के लोगो को कुछ करने को प्रेरित करती है। भारत का युवा वर्ग प्रधानमंत्री जी से काफी प्रभावित है। प्रधानमंत्री जी की सोच आम जन, महिला, समाज के पिछड़े वर्ग के प्रति काफी उन्नत है यही वजह है कि वे विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेताओं में शुमार हैं।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद शाखा जौनपुर की द्वैवार्षिक अधिवेशन संपन्न

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद शाखा जौनपुर का द्वैवार्षिक अधिवेशन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जौनपुर में संपन्न हुआ। जिसमें उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी




जौनपुर मनीष कुमार वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संगठन के प्रान्तीय अध्यक्ष हरि किशोर तिवारी एवं महामंत्री शिवबरन यादव विशिष्ट अतिथि के रुप में मौजूद रहे पर्वेक्षकों की उपस्थिति में चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें प्रदीप सिंह को जिलाध्यक्ष एवं देवेश यादव को मंत्री चुना गया। नलकूप विभाग से उपाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता को बनाया गया। समाचार लिखे जानें तक प्रेस विज्ञप्ति जारी नहीं हो सकी थी। उक्त कार्यक्रम में राकेश कुमार श्रीवास्तव, सीवी सिंह आदि कर्मचारी नेता मौजूद रहे।

## फूड प्वाइजनिंग से 25 छात्राएं बीमार

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की 25 छात्राओं की तबीयत फूड प्वाइजनिंग से रविवार शाम को बिगड़ गई। छात्राओं ने बताया कि दोपहर में विद्यालय में छोला–पूड़ी और चावल खाया था। इसके बाद से पेट में दर्द हुआ। कुछ छात्राओं को उल्टियां हुईं। इसके बाद शाम को जब हालत ज्यादा बिगड़ी तो उन लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। 100 छात्राओं वाले कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 49 बालिकाएं वर्तमान में रहकर पढ़ाई कर रही हैं। भोजन करने के बाद कुछ बालिकाओं को पेट दर्द की शिकायत हुई। जिस पर सीएचसी पर लगे स्वास्थ्य मेले में इनकी जांच कर उन्हें दवा दे दी गई। इधर देर शाम छात्राओं को उल्टियां आने लगी। इस पर विद्यालय प्रबंधन रात नौ बजे 25 छात्राओं को लेकर सीएचसी पहुंचे। ड्यूटी पर मौजूद डॉ. आमिर व डॉ. जुबेर के अनुसार प्रथम दृष्टया फूड प्वाइजनिंग का मामला है। इलाज किया जा रहा है। बालिकाओं की हालत ठीक है। बीमार छात्राओं में पूनम, वैष्णवी, खुशबू, अंशिका, उमा, सुबी, स्वीटी, रेशमा, मोहिनी, रीना, प्रतिभा, मधु, शिवानी, आकांक्षा, वंदना, लकी, अंजलि, नीलम, जैनब, शीतल, वर्षा, कीर्ति, संगीता, संध्या हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बालिका शिक्षा के जिला समन्वयक अविनाश पांडेय को पिहानी भेजा गया है। ताकि जांच हो सके। छात्राओं को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

## छात्रवृत्ति आवेदन हेतु तिथि निर्धारित

जौनपुर सू.वि. : जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने जनपद स्थित समस्त मदरसों/शिक्षण संस्थाओं एवं अल्पसंख्यक छात्र/छात्राओं को अवगत कराया है कि शैक्षणिक सत्र 2022–23 में केन्द्र पुरोनिधानित छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति व पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्रवृत्ति आवेदन हेतु तिथि निर्धारित कर दी गयी है, प्री–मैट्रिक हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2022, इन्स्टीट्यूट वेरीफिकेशन 16, अक्टूबर 2022, पोस्ट मैट्रिक आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2022, इन्स्टीट्यूट वेरीफिकेशन 15 नवम्बर 2022 है। अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र/छात्राओं हेतु केन्द्र पुरोनिधानित छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत भारत सरकार की वेबसाइट (http%/scholarships.gov.in) में National Scholarship Portal पर आवेदन करने वाले छात्र/छात्रायें राज्य सरकार की छात्रवृत्ति `बीवसंतीेपचे.नच.दपब. पद पर आवेदन नही करेंगे एवं सम्बन्धित शिक्षण संस्था यह ध्यान देंगे कि सम्बन्धित छात्र/छात्रायें आपके मदरसें/विद्यालय में नियमित रूप से अध्यनरत् हों। जनपद में संचालित समस्त अनुदानित/मान्यता प्राप्त मदरसों/विद्यालयों /महाविद्यालयों के प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य/प्राचार्यगण एवं अध्यनरत् छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार की छात्रवत्ति वेबसाइट (http%/scholarships.gov.in) में National Scholarship Portal पर उपलब्ध साफ्टवेयर में दी गयी व्यवस्था व निर्गत समय सारणी के अनुसार छात्रवृत्ति हेतु समस्त कार्यवाही ससमय पूर्ण कर ली जाए।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

योगी न बन सकें तो उपयोगी अवश्य बनें।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

OM SHANTI

## सम्पादकीय

# कितनी सफल होगी यह यात्रा

पिछले दो दशकों से कांग्रेस और माता–पुत्र की जोड़ी को अलग करके नहीं देखा गया है, और बीते कई दशकों से पार्टी अपनी मूल विचारधारा से अलग है।

विगत सात सितंबर से कांग्रेस की महत्वाकांक्षी 150 दिवसीय 'भारत जोड़ो यात्रा' जारी है। इस पदयात्रा का नाम भले ही 'भारत जोड़ो' है, किंतु यह संकटग्रस्त कांग्रेस में जान फूंकने और पार्टी में गांधी परिवार के नियंत्रण को फिर से मजबूत करने का प्रयास है। देश ने 'राजनीतिक यात्राओं' के लाभ देखे हैं। जहां 1990 में भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी द्वारा निकाली गई 'राम रथयात्रा' से पार्टी कालांतर में दो से 182 लोकसभा सीटों तक पहुंच गई, वहीं 2018 में वाईएसआर कांग्रेस के अध्यक्ष जगन मोहन रेड्डी ने 'प्रजा संकल्प यात्रा' निकालकर आंध्र प्रदेश में सरकार बना ली। ऐसे कई उदाहरण हैं। परंतु क्या कांग्रेस अपनी इस पदयात्रा में सफल होगी? ऐसा संभव नहीं दिखता, क्योंकि जहां अन्य राजननीतिक यात्राओं में नेताओं की विचारधारा और यात्रा के घोषित उद्देश्यों में स्पष्ट साम्य था, वहीं कांग्रेस की इस यात्रा में इसका नितांत अभाव है।

पिछले दो दशकों से कांग्रेस और माता–पुत्र की जोड़ी को अलग करके नहीं देखा गया है, और बीते कई दशकों से पार्टी अपनी मूल विचारधारा से अलग है। बौद्धिक कमी पूरी करने और स्वयं को भाजपा से अलग दिखाने के लिए वह बार–बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ उन बयानों का जिक्र करती है, जिस पर वामपंथियों का एकाधिकार रहा है। कम्युनिस्ट प्रारंभ से संघ और समानार्थी विचारसमूह के अन्य संगठनों–व्यक्तियों के राष्ट्रवादी चरित्र और सनातन संस्कृति के प्रति कटिबद्ध होने के कारण उनसे घृणा करते हैं। केरल, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल के वामपंथी शासन में विचारधारा के नाम पर दर्जनों भाजपा–संघ कार्यकर्ताओं की निर्मम हत्याकृइसका प्रमाण है। लगभग एक ही कालखंड (1925) में संगठनात्मक जीवन शुरू करने के बाद जहां संघ समाज में विस्तार कर रहा है, वही वामपंथी केवल केरल तक सिमट गए है।

यह विडंबना है कि जिस वामपंथ का वैचारिक अधिष्ठान विश्व में पहले ही दम तोड़ चुका है, उसकी घटिया कार्बन–कॉपी बनकर कांग्रेस देश में प्रासंगिक रहना चाहती है। कांग्रेस का घटता जनाधार उसकी इसी वैचारिक उलझन का प्रमाण है, जिसमें संघ के प्रति अपनी घृणा को मुखर रखने हेतु उसने 'जलती खाकी निक्कर' की तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की, किंतु 'भारत जोड़ो यात्रा' की शुरुआत प्रख्यात आरएसएस विचारक एकनाथ रनाडे के मौलिक विचार 'विवेकानंद स्मारक शिला' (कन्याकुमारी) में श्रद्धांजलि देकर की। भारतीय सनातन परंपरा के अनुरूप इसमें कोई बुराई नहीं, किंतु जिस वामपंथी केंचुली से कांग्रेस दशकों से जकड़ी हुई है, उसमें संघ–भाजपा और अन्य वैचारिक विरोधियों के प्रति केवल 'राजनीतिक अस्पृश्यता' का दर्शन है।

वास्तव में, संघ के प्रति वामपंथी दुराग्रह का अग्रिम चरण कांग्रेस नीत संप्रग काल (2004–14) में प्रारंभ हुआ। तब गोधरा कांड को 'हादसा' और श्रीराम को 'काल्पनिक' बताकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम और सुशील कुमार शिंदे ने केंद्रीय गृहमंत्री रहते हुए झूठा 'हिंदू/भगवा आतंकवाद' का सिद्धांत गढ़ा, तो राहुल गांधी ने इसके माध्यम से तत्कालीन अमेरिकी राजदूत के समक्ष देश में जिहादी खतरे को गौण कर दिया। इन सबमें दिग्विजय सिंह ने, जो वर्तमान कांग्रेसी पदयात्रा के प्रबंधकों में से एक हैंकृवर्ष 2008 के 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले का आरोप संघ पर लगा दिया था। यदि तब आतंकी कसाब और डेविड हेडली पकड़े नहीं जाते, तो कांग्रेस पाकिस्तान को क्लीन–चिट देकर, लश्कर–ए–ताइबा जैसे आतंकी संगठनों को देश में और भयावह हमले करने की परोक्ष स्वीकृति दे चुकी होती।

इसी शृंखला में कांग्रेस ने 'सांप्रदायिक हिंसा रोकथाम विधेयक, 2011' संसद में प्रस्तुत किया, जो भाजपा के कड़े विरोध के बाद वापस लिया गया। इसका उद्देश्य हिंदुओं को अपने ही देश में दोयम दर्जे का नागरिक बनाना था। इस विधेयक का प्रारूप सोनिया गांधी की अध्यक्षता वाली असांविधानिक 'राष्ट्रीय सलाहकार परिषद' ने तैयार किया था। इसके आलेखन–समिति में तब कई चर्च–इस्लाम प्रेरित संगठनों (विदेशी वित्तपोषित एनजीओ सहित) के प्रतिनिधियों के साथ तीस्ता सीतलवाड़कृजिसने झूठे–मनगढ़ंत साक्ष्यों के आधार पर 2002 के गुजरात दंगा मामले में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाया थाकृशामिल थी। इसी समिति का हिस्सा हर्ष मंदर भी थे, जो 'नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019' के विरोध में मजहबी प्रदर्शनकारियों को हिंसा हेतु उकसा रहे थे।

कांग्रेस की मौजूदा पदयात्रा के दौरान जब राहुल केरल के एक चर्च में विवादित ईसाई पादरी पोन्नैया से मिले, तो वह राहुल के सामने हिंदू देवी–देवताओं की मर्यादा को कलंकित करते नजर आए। यह कोई पहली घटना नहीं है। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के लिए ए. के. एंटनी समिति ने पार्टी की हिंदू–विरोधी छवि को मुख्य कारण माना था। इसके परिमार्जन हेतु गांधी परिवार ने चुनाव के समय हिंदू मंदिरों–मठों का दौरा करना प्रारंभ किया। कितना विचित्र है कि अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान जिस केरल स्थित हिंदू शिवगिरी मठ में राहुल गए थे, उसी केरल में उनके युवा कार्यकर्ता पांच वर्ष पहले 'सेक्यूलरवाद' को सत्यापित करने के लिए हिंदुत्व का मजाक उड़ा रहे थे।

विरोधाभास देखिए कि जो राहुल गांधी वामपंथी मानसिकता के अनुरूप भारत को 'राष्ट्र' नहीं, बल्कि 'राज्यों का संघ' कहते हैं और वर्ष 2016 के जेएनयू प्रकरण में नारा लगाने वाले गिरोह का हिस्सा रहे विशुद्ध कम्युनिस्ट कन्हैया कुमार को अपनी पार्टी कांग्रेस का हिस्सा बना चुके हैं, वही राहुल गांधी आज 'भारत जोड़ो' नाम से यात्रा निकाल रहे हैं। इस पृष्ठभूमि में क्या कांग्रेस का पुनर्जीवन संभव है? वर्तमान परिदृश्य को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि जिस वामपंथी चिंतन ने कांग्रेस को इस हाल में पहुंचाया है, उससे मुक्त होने की इच्छाशक्ति पार्टी नेतृत्व में नहीं है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## अदालती आदेश न मानने पर एक साल की सजा

हरदोई (अम्बरीष कुमार सक्सेना) : अदालती आदेश का अनुपालन न करना एक व्यक्ति को काफी महंगा साबित हुआ। जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायाधीश बाबू प्रसाद एवं सदस्य दिलशाद अली की पीठ ने अदालती आदेश का अनुपालन न करने पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए उसे एक साल की कड़ी कैद व पचास हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के समक्ष एक इजरा वाद आशाराम बनाम सुदीश कुमार शर्मा लम्बित चल रहा था उक्त मामले में राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वारा दिनाँक 22 मार्च 2018 को आदेश पारित करते हुए विपक्षी सुदीश कुमार शर्मा को उक्त आदेश का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने का फरमान जारी किया गया था। इस आदेश का अनुपालन न करने पर परिवादी आशाराम ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के समक्ष वाद प्रस्तुत कर राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वारा पारित आदेश दिनांकित 22 मार्च 2018 का अनुपालन सुनिश्चित कराने की गुहार लगाई थी। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वारा विपक्षी सुदीश कुमार शर्मा को राज्य उपभोक्ता विवाद आयोग द्वारा पारित आदेश दिनांकित 22 मार्च 2018 का अनुपालन करने के लिये नोटिस जारी करते हुए पर्याप्त अवसर दिया गया। लेकिन विपक्षी सुदीश कुमार शर्मा द्वारा अदालती आदेश का अनुपालन नहीं किया गया। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की पीठ ने विपक्षी सुदीश कुमार शर्मा द्वारा अदालती आदेश की नाफरमानी करने पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए उसे एक साल की कड़ी कैद एवं पचास हजार रुपया जुर्माना अदा करने की सजा दी है।

## राज्य सरकार हर व्यक्ति के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दे रही है: रजनी तिवारी

हरदोई (अम्बरीष कुमार सक्सेना) : सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आयोजित स्वास्थ्य मेला में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि राज्य सरकार हर व्यक्ति के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दे रही है। स्वास्थ्य निश्चित तो प्रगति निश्चित है। स्वास्थ्य मेले में विभिन्न बीमारियों की जानकारी दी जाती है। कुछ बीमारियों का इलाज भी किया जा रहा है। मुख्य अतिथि रजनी तिवारी ने मेले का उद्घाटन कर बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर हर ब्लॉक में स्वास्थ्य मेला लगाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य मेले में आएं और अपनी जांच करवाएं। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही स्वास्थ्य लाभ व जनहित की अनेक योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों से समय रहते उन योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। वहीं, सीएचसी प्रभारी डा. एम पी जायसवाल ने कहा कि मेले के दौरान स्वास्थ्य और परिवार कल्याण की ओर से चलाई जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी। जिससे सभी लोग योजनाओं का लाभ ले सके। इस अवसर पर भाजपा





नेता राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र,गोपाल त्रिपाठी , नवनीत गुप्ता , संजय अग्निहोत्री, संदीप शुक्ला,शिक्षक नेता प्रभाकर बाजपेयी, शिव प्रसाद , डॉ एम पी जायसवाल, डॉ नोमान उल्ला, डॉक्टर धर्मेन्द्र, अनिल कुमार सिंह, कुलदीप श्रीवास्तव, अंकित गुप्ता,सुभाष रस्तोगी समेत क्षेत्र के तमाम संभ्रांत जन शामिल रहे।

## लखनऊ पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट ने जागरूकता के लिए कराई दौड़

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एलपीएस फाउंडर्स डे के अवसर पर, लखनऊ पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट की ईकाई गोल 4 ऑल एवं लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज द्वारा, 5 किलोमीटर की क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन कठौता झील के सामने किया गया, जिसका फ्लैग ऑफ एडीएम प्रशासन विपिन मिश्रा ने पूर्व एमएलसी कांति सिंह, ट्रस्टी हर्षित सिंह, शिखर पाल सिंह, एलपीएस डायरेक्टर्स नेहा सिंह, गरिमा सिंह, एलपीसीपीएस के डीन डॉव लक्ष्मी शंकर अवस्थी की उपस्थिति में किया। दौड़ में 522 लोगों ने प्रतिभाग लिया। प्रथम पुरस्कार पाने वाले स्पोर्ट्स कॉलेज के सरवन कुमार को रुव 15000, द्वितीय पुरस्कार पाने वाले स्पोर्ट्स कॉलेज के ही शाहरुख खान को रुव 10000, तृतीय स्थान पाने वाले उत्तर प्रदेश पुलिस के धावक बलराम को रुव 5000 तथा चौथे से दसवें स्थान को प्राप्त करने वाले प्रत्येक प्रतिभागियों को 15 सौ रुपए के चेक व ट्राफी के साथ प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डोनेशन ड्राइव का भी आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष सिंह पटेल तथा लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एण्ड



कॉलेजेज के संस्थापक व महाप्रबंधक व मैनेजिंग ट्रस्टी डॉक्टर एस पी सिंह, पूर्व एमएलसी कांति सिंह एवं ट्रस्टी हर्षित सिंह और शिखर पाल सिंह द्वारा समाज सेवा करने वाली चार संस्थाओं के पदाधिकारियों , चैतन्य वेलफेयर फाउंडेशन की फाउंडर एवं चीफ सेक्रेटरी ओम कुमारी सिंह, पावर विंग्स फाउंडेशन की फाउंडर प्रेसिडेंट सुमन सिंह रावत, श्रीराम औद्योगिक अनाथालय की सुपरिंटेंडेंट श्रुति पांडेय एवं जय जगत एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक सचिव रामदयाल मौर्या को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं शाल देकर सम्मानित भी किया गया। इन संस्थाओं को लखनऊ पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा एकत्र की गई खानपान की सामग्री , पुस्तकें, स्टेशनरी एवं कपड़े, जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए भेंट किए गए।

## रावण दहन के दिन दीपिका, भाग्यश्री व अनूप जलोटा सहित कई फिल्मी कलाकारों का रहेगा जमावड़ा – सुभाष मलिक

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)इस बार अयोध्या की रामलीला में रावण दहन के दिन रामानंद सागर की रामायण में माता सीता की भूमिका निभाने वाली दीपिका चिखलिया, प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री, सोनारिका भौदोरिया, आशीष शर्मा ,अंकित शर्मा,गोविंद नामदेव और अनूप जलोटा भजन सम्राट और फिल्म प्रोड्यूसर करण राजदान अपनी फिल्म हिंदुत्व की साथ शामिल शामिल होकर चार चांद लगायेंगे ।यह बात अयोध्या की रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुभाष मलिक ने बताई। उन्होंने बताया कि इस बार यह रामलीला का तीसरा संस्करण है ।जो अयोध्या में लक्ष्मण किला सरयू नदी के किनारे किया जाता हैं। अयोध्या की रामलीला का आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्य मंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी और माननीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह और अयोध्या की रामलीला के मुख्य संरक्षक प्रवेश साहिब वर्मा (भाजपा सांसद)के सहयोग से अयोध्या की रामलीला का आयोजन होता है ।हमारा एक ही उद्देश्य है की भगवान श्री राम की रामलीला को सभी राम भक्त घर पर बैठकर देख पाएं। इसलिए हम विभिन्न जगहों पर अयोध्या की रामलीला की प्रेस कांफ्रेंस करते हैं ।उन्होंने बताया कि अयोध्या की रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है, 2020 में 16 करोड़, और 2021 में बाईस करोड़ से ज्यादा अयोध्या की रामलीला का लाइव टेलीकास्ट दूरदर्शन और कई सेटेलाइट चौनल और सोशल मीडिया यूट्यूब पर होता है ।इस मौके पर अयोध्या की रामलीला के अध्यक्ष सुभाष मलिक जी ने बोला अयोध्या की रामलीला भगवान श्री राम के आशिर्वाद से होती हैं ।इसका आयोजन भगवान श्री राम के आशिर्वाद से होता है !इसमें मेरे मित्र गूफी पेंटल नारद मुनि की भूमिका निभा रहे है ।और मेरे मित्र गिरजा शंकर ( राजा दसरथ श्री राम जी के पिताश्री जी की भूमिका निभा रहे है, भाग्यश्री,राकेश बेदी, रजा मुराद, गुफी पेंटल,और कई बॉलीवुड की महान हस्तियां अयोध्या की रामलीला में काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि भगवान श्री राम के आशिर्वाद से अयोध्या कि रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है। भगवान श्री राम के भक्तो ने इसे विश्व की सबसे बड़ी रामलीला बनाया है। अयोध्या कि रामलीला में सबसे बड़ा सहयोग से उत्तर प्रदेश सरकार माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के सहयोग से अयोध्या की रामलीला का आयोजन हो पाया है ।और उनका सहयोग हमारे पर रहता है,हम बड़े भाग्यशाली है, और अयोध्या कि रामलीला इस वर्ष अपने









पिछले सारे रिकॉर्ड तोड देगी,2020 में सोलह करोड़ से ज्यादा भगवान राम भक्तो ने इसे देखा था ।2021 मे बाईस करोड़ से ज्यादा राम भक्तो ने देखा था ।इस बार हमे पुरी उम्मीद है, भगवान श्री राम के आशिर्वाद से अयोध्या कि रामलीला पिछले सारे रिकॉर्ड तोड देगी। इस मौके पर अयोध्या कि रामलीला कमेटी के क्रिएटिव डायरेक्टर व जनरल सेक्रेटरी शुभम मलिक ने बोला की अयोध्या कि रामलीला में इस बार 1600 फुट का एलईडी सेट तैयार हो रहा हैं ।इस बार बॉलीवुड की कई महान हस्तियां अयोध्या कि रामलीला में काम कर रही हैं ।अयोध्या कि रामलीला कमेटी के फाउंडर अध्यक्ष सुभाष मालिक(बॉबी) ने बताया अयोध्या कि रामलीला का अयोजन 25 सितंबर से 5अक्टूबर 2022 तक अयोध्या में हर वर्ष कि तरह लाइव देख पाएंगे ।इस वर्ष अयोध्या कि रामलीला का तीसरा संस्करण होगा। जिसको लाइव दिखाया जाएगा। शाम 7 से रात 10 बजे तक दूरदर्शन पर देख पाएंगे। जिसमें रवि किशन केवट, विंदू दारा सिंह हनुमान, गजेंद्र चौहान,राजा जनक, शाहबाज खान रावण, गुफी पेंटल जी नारद मुनि, गिरजा शंकर जी दशरथ, कपिल शर्मा शो की बुआ जी उपासना सिंह कैकेई, दीक्षा रैना सीता, राहुल बुचर राम , रजा मुराद महर्षि विश्वामित्र की भूमिका निभाएंगे ।अयोध्या कि रामलीला कमेटी के चेयरमैन राकेश बिंदल,और वॉइस चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल, वॉइस चेयरमैन कैप्टन राज माथुर, वॉइस चेयरमैन अनुज अग्रवाल, संरक्षक सात प्रकाश राणा,सरंक्षक पवन वत्स ,उपाध्यक्ष दीपक भगचंदनी जी ने बताया कि अयोध्या कि रामलीला 25 सितंबर से 5 अक्टूबर तक अयोध्या में तीसरा संस्करण होने जा रहा है। हमारे लिए यह बड़ी खुशी की बात है ।भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या में अयोध्या कि रामलीला का आयोजन होता है। इस मौके पर अयोध्या की रामलीला में मुख्य भूमिका निभा रहे राहुल भूचर( श्री राम की भूमिका ) ने बोला अयोध्या की रामलीला भगवान श्री राम के आशीर्वाद होती है! और इसको दुनिया के कोने कोने में भगवान श्री राम के भक्त देखते हैं ।इस मौके पर सीता की भूमिका निभा रही दीक्षा रैना जी ने बोला कि मैं अपने आपको बड़ा भाग्यशाली मानती हूं की में अयोध्या की रामलीला में माता सीता की भूमिका निभा रही हूं।

## पाली पीएचसी पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई : शासन के निर्देश पर प्रत्येक रविवार को जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला के आयोजन के तहत रविवार को पाली पीएचसी पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। डॉ सुजीत कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। मेले में भारी संख्या में नगर व क्षेत्र से लोग स्वास्थ्य चेकअप कराने के लिए पहुंचे ।इस बीच 118 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करके उन्हें निःशुल्क दवाइयां दी गई। डॉक्टरों ने आये हुये मरीजों को खानपान में विशेष ध्यान देने,स्वच्छ रहने ,मच्छरों से बचाव के लिए मच्छर दानी का प्रयोग,घर के आसपास गंदा पानी जमा न होने देने की सलाह दी ।उन्होंने बताया कि ज्यादातर बीमारियां गंदगी के कारण होती हैं ।शिविर में मौसम में हो रहे परिवर्तन के कारण वायरल बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक रही। दौलत पुर में स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की डॉ मीनाक्षी ने काफी मरीजों



का उपचार कर निःशुल्क दवाओं का वितरण किया। शिविर में डॉ सुजीत कुमार ने कहा कि हमारे ज्यादातर ग्रामीण युवा काम की तलाश में महानगरों में जाते हैं जागरूकता के अभाव में कई ऐसे गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो जाते हैं ।इसलिए सभी लोग अपनी सेहत के प्रति सचेत रहें और खान पान के साथ –साथ डॉ की सलाह के बिना कोई मेडिसिन न लें। इस अवसर पर डॉ अजीमुद्दीन, डॉ रघुनाथ, डॉ पूजन गुप्ता, डॉ मीनाक्षी, फार्मासिस्ट संदीप कुमार शर्मा,पृथ्वी, के अलावा काफी संख्या में स्टॉफ मौजूद रहा।

## नगर विकास मंत्री ने स्वयं झाड़ू लगाकर की स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत : दिए 'पंचामृत के पांच संकल्प'

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय 'लखनऊ : नगर विकास मंत्री श्री ए.के. शर्मा जी ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 72वें जन्मदिन के अवसर पर शनिवार को प्रदेश में स्वच्छता पखवाड़े का शुभारम्भ किया। माननीय मंत्री ने नगर निगम मुख्यालय, लखनऊ से जनपथ मार्केट के गेट के पास तक सफाई कर्मियों के साथ मिलकर स्वयं झाड़ू लगाई और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही, माननीय प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित हो रहे सेवा पखवाड़ा को स्वच्छता पखवाड़ा के रूप में मनाने का आह्वान किया है। इस दौरान, नगर निगम मुख्यालय में 'नमो प्रदर्शनी' का आयोजन किया गया। इसमें, माननीय प्रधानमंत्री के जीवन सफर को चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया है। यहां माननीय नगर विकास मंत्री श्री ए.के. शर्मा के साथ उप मुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक जी भीमुख्य के रूप में सम्मिलित हुए। स्वच्छता पखवाड़े में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लें माननीय नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा जी व माननीय उप मुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक जी ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी का जन्मदिवस देश ही नहीं बल्कि पूरा विश्व मना रहा है। श्री ए0के0 शर्मा जी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एक विराट व्यक्तित्व के धनी हैं। उन्होंने सभी पार्षदों का आह्वान करते हुए कहा कि 15 दिन सभी स्वच्छता पखवाड़े में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लें। स्वच्छता के यह पांच संकल्प नगर विकास मंत्री श्री ए.के. शर्मा जी ने कहा कि हम पंचामृत के पांच संकल्पों को लेकर नगरों को और भी स्वच्छ व सुंदर बनाएंगे। पहला सभी नगरीय निकायों में सुबह 5.00 बजे से साफ सफाई पर विशेष ध्यान देना होगा, वाणिज्य स्थानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, सार्वजनिक



स्थानों पर दो से अधिक बार भी सफाई करानी होगी। साथ ही सभी शहरों व कस्बों के गली और मोहल्लों की भी समुचित साफ सफाई भी सुनिश्चित करानी होगी। दूसरा नगरीय निकायों के सभी चौराहों का सौंदर्यीकरण किया जाए। अविकसित चौराहो को विकसित कर उनका सुंदरीकरण किया जाए। तीसरा शहरों व कस्बों के गंदे स्थानों, कूड़ा कचरा वाले स्थानों, खाली प्लॉटों जोकि वानरेबुल गारवेज पॉइंट के रूप में चिन्हित हैं, ऐसे जगहों की साफ सफाई करवा कर वहां बागवानी, उद्यान, पार्क विकसित कराए जाएं। चौथा नगरीय निकायों के अंतर्गत अविकसित, अधूरे पार्कों व उद्यानों को विकसित कर उनका सुंदरीकरण कराया जाए। पांचवा अमृत सरोवरों को पूर्ण रूप से विकसित कर आमजन के लिए उपयोगी बनाया जाए। इन सभी पर काम करते हुए हम सभी अपना योगदान देंगे। बिना जन सहभागिता के सम्भव नहीं नगर विकास मंत्री जी एवं महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया जी ने नगर निगम मुख्यालय, लखनऊ से जनपथ मार्केट के गेट के पास तक सफाई मित्रों के साथ मिलकर स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने वहीं पर पान की गुमटी चलाने वाले अजय शंकर को भी टोका, जिन्होंने अपने गुमटी के सामने सफाई नहीं कर रखी थी। उन्होंने कहा कि बिना जन सहभागिता के शहरों को स्वच्छ नहीं बनाया जा सकता, जिसमें सभी की भागीदारी जरूरी।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर 200 युवाओं ने किया रक्तदान

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर राजर्षि दशरथ मेडिकल कालेज में रक्तदान शिविर का उद्घाटन सांसद लल्लू सिंह ने किया। शिविर में रक्तदान करने वालों को सांसद लल्लू सिंह ने प्रमाणपत्र का वितरण किया। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज पूरी दुनिया के लिए पथ प्रदर्शक की भूमिका में है। उन्होने कहा कि कभी सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र को पहुंचना सरकारों के लिए चौलेंज हुआ करता था। परन्तु भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह करके दिखाया। आज अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के मिल रहा है। हर गरीब को आवास, शौचालय, गैस व विद्युत कनेक्शन मिला है। इलाज के लिए दुनिया की सबसे बड़ी आयुष्मान भारत योजना गरीबों को समर्पित की गयी है। उन्होने कहा कि रक्तदान के माध्यम से समाज में सेवा भाव से सदा अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का संकल्प आज लिया गया है। राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव से देश का प्रत्येक व्यक्ति खुद को जोड़कर देख रहा है। भारत आज आत्मनिर्भर बनने की राह पर तेजी से अग्रसर हो रहा है। इस अवसर पर राजर्षि दशरथ मेडिकल कालेज के चिकित्सक, रक्तदाता, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा स्थानीय लोगो की उपस्थिति रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा अयोध्या महानगर एवं जिला के संयुक्त तत्वाधान में बृहद रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय में आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह एवं सांसद लल्लू सिंह ने महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, जिला अध्यक्ष संजीव सिंह, महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता की उपस्थिति में किया। जिसमें 200 युवाओं ने रक्तदान किया एवं 130 युवाओं ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया इस अवसर पर युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष नितिन मित्तल, क्षेत्रीय मंत्री प्रेम अग्रहरी, भाजपा युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष रवि शर्मा, सुनील मिश्रा, महानगर महामंत्री आकाश सोमवंशी, महामंत्री सार्थक प्रताप तिवारी, आशीष तिवारी एवं आशीष सिंह सहित युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पशु तस्करी का आरोपी के घर देवरिया पुलिस ने की नोटिस चस्पा

शाहगंज/जौनपुर पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा :खुटहन थाना क्षेत्र के डिहिया गांव के निवासी अभिषेक कुमार सिंह पुत्र विनय सिंह के द्वारा थाना लार जनपद देवरिया में 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 326/20 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम थाना लार जनपद देवरिया में मुकदमा पंजीकृत है। न्यायालय से संबंधित आदेश के अनुपालन में धारा 82 सीआरपीसी की कार्यवाही आज दिनांक 19 /9/2022 को अभियुक्त अभिषेक कुमार सिंह पुत्र विनय सिंह ग्राम डिहिया थाना खुटहन जनपद जौनपुर के घर पर उपनिरीक्षक विवेक सिंह मय हमराह कांस्टेबल सनोज यादव के साथ पहुंचकर धारा 82 सीआरपीसी



का आवेदन घर पर चस्पा कर मुनादी कराई गई। वह परिजन को हिदायत दिया कि अभिषेक कुमार सिंह पुत्र विनय सिंह को जल्द से जल्द न्यायालय के समक्ष हाजिर हो ।अन्यथा इसका परिणाम बुरा होगा।

# पीयू के तीन शिक्षकों को मिला रिसर्च ग्रांट

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) भौतिकीय अध्ययन एवं शोध संस्थान के रसायन विज्ञान के दो शिक्षकों डॉ. दिनेश कुमार वर्मा व डॉ. मिथिलेश यादव और नैनोसाइंस सेंटर के वैज्ञानिक डॉ. सुजीत कुमार चौरसिया को कॉउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, उत्तर प्रदेश (यू.पी.सी. एस.टी) द्वारा क्रमशः 12–12 लाख रुपये प्रोजेक्ट के अन्तर्गत शोध कार्य के लिए मिला है। इस रिसर्च ग्रांट की अवधि तीन वर्षों की होगी। डॉ. दिनेश कुमार वर्मा, ग्रैफीन के नैनोकम्पोजिट से नैनो–लुब्रीकेंट तैयार करेंगे। इस विकसित नैनो लुब्रीकेंट का उपयोग वाहनों/मशीनों के इंजन में फिसलने वाली मेटैलिक सतहों के बीच घर्षण एवं घिसाव के कारण उत्पन्न गर्मी तथा मेटैलिक क्षति को कम करने में किया जायेगा। डॉ. वर्मा ने बताया कि विकसित लुब्रीकेंट पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ–साथ बहुत सस्ते होंगे तथा इनके उपयोग से वाहनोंध्मशीनों को चलाने की लागत बहुत कम हो जायेगी और इंजन खराब होने का खतरा नहीं रहेगा उसकी समय सीमा बढ़ जाएगी। इससे पहले डॉ. वर्मा, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बी. एच. यू.), वाराणसी, में नैनो–लुब्रीकेंट के क्षेत्र में रिसर्च कर चुके हैं। वही डॉ. मिथिलेश यादव ''जैव आधारित खाद्य फिल्म से खाद्य पदार्थों के पैकेजिंग'' के विषय पर शोध करेंगे। पैकेजिंग में खाद्य बायोफिल्म का प्रयोग, पेट्रोकेमिकल पॉलिमर के उपयोग को कम करता है जो मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। उच्च गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थों और उत्पादों के लिए उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग के साथ–साथ पर्यावरण की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए, बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग सामग्रियों का उपयोग उत्पाद की गुणवत्ता बनाए रखने में कर सकते हैं। खाद्य जैव–फिल्में, विभिन्न उत्पादों के शेल्फ लाइफ को बढ़ाती है। चूंकि जैव आधारित खाद्य पैकेजिंग फिल्में, रसायनों और प्लास्टिक के बजाय जैव–स्रोतों (पौधे और शैवाल) पुनर्नवीनीकरण



सामग्री से बनाई जाती है, इसलिए वे पर्यावरण के लिए बेहतर होती है। सक्रिय पैकेजिंग खाद्य फिल्मों को तैयार करने के लिए आवश्यक तेलों को अक्सर बायोपॉलिमर में शामिल किया जाता है जो बैक्टीरिया के विकास को रोकते हैं और इस तरह भोजन को खराब होने से बचा सकते हैं। डॉ. यादव इससे पहले दक्षिण कोरिया और ताइवान में बायो–पॉलीमर बेस्ड थिन–फिल्म का निर्माण करके खाद्य पैकेजिंग के क्षेत्र में उपयोग कर चुके हैं। इसी क्रम में, रज्जू भइया संस्थान में स्थित नैनो–साइंस सेंटर के वैज्ञानिक डॉ. सुजीत कुमार चौरसिया, पॉलीमर व बायोमास के अपशिष्ट पदार्थों का उपयोग करके सुपरकैपेसिटर बनायेंगे, जिनका उपयोग मोबाइल, लैपटॉप, से लेकर इलेक्ट्रिक कारों तक में किया जा सकता है। डॉ. चौरसिया ने बताया कि इस सुपरकैपेसिटर को भविष्य में बैटरी से चलने वाले इलेक्ट्रिक व्हीकल में बैटरी के स्थान पर इस्तेमाल किया जा सकेगा जो बहुत ही कम टाइम में चार्ज हो जाता है और इसका उपयोग बहुत देर तक किया जा सकता है। डॉ. चौरसिया इससे पहले यूनिवर्सिटी ऑफ वारमिआ, पोलैंड व दिल्ली विश्वविद्यालय में पॉलीमर बेस्ड हल्के एवं लचीले कम्पोजिट पदार्थ का निर्माण करके सोडियम–आयन रिचार्जेबल बैटरी व सुपरकैपेसिटर सम्बंधित शोध कार्य कर चुके है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने तीनों शिक्षकों को बधाई दी तथा यह उम्मीद जताई की भविष्य में रज्जू भैया संस्थान विज्ञान क्षेत्र में पूर्वांचल विश्वविद्यालय को विश्व पटल पर स्थापित करेगा। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. देवराज सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार यादव, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह, डॉ.आशीष वर्मा, डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. दीपक मौर्य, डॉ. काजल कुमार डे, डॉ. धीरेन्द्र कुमार चौधरी, डॉ. अलोक वर्मा, सौरभ कुमार सिंह, संदीप वर्मा समेत विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों ने बधाई दी।

# सघन पल्स पोलियो अभियान का एनआईए भवन में उद्घाटन संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : , जनपद में 18 से 23 सितंबर तक सघनपल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत पांच वर्ष तक के बच्चों को दो बूंद पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है। रविवार को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इस अभियान का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ ने किया। वहीं जनपद के कलक्ट्रेट स्थित एनआईसी भवन में बदलापुर क्षेत्र के विधायक रमेश चंद्र मिश्रा, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा और मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह ने कार्यक्रम में शामिल होकर जनपद में अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह ने जनपदवासियों अपील की है कि अभियान के दौरान अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप अवश्य पिलाएँ। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ नरेन्द्र सिंह ने बताया कि जनपद में रविवार को पोलियो बूथ दिवस मनाया जा रहा है जिसमें 1872 बूथों पर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की अतिरिक्त खुराक पिलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि सोमवार से प्राथमिक स्कूलों और घर–घर जाकर पांच दिनों तक पोलियो टीकाकरण टीमें छूटे बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। इसके लिए 3,784 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। यह सभी बूथ प्राथमिक स्कूलों पर बनाए गए हैं। 1,240 टीमें घर–घर जाकर पोलियो कि खुराक पिलाने का कार्य करेंगी। रोडवेज बस स्टैंड, चौराहों तथा रेलवे स्टेशनों के लिए 104 ट्रांजिट टीमें तैयार की गईं हैं। दूर–दराज के क्षेत्रों व ईंट–भट्ठों पर दवा पिलाने के लिए 52 टीमें बनाई गई हैं। अभियान के दौरान पांच वर्ष तक के करीब 6.37 लाख बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य है। इस दौरान टीमें 74,320 घरों का भ्रमण करेंगी। कलक्ट्रेट स्थित एनआईए भवन में हुए कार्यक्रम में इसके अलावा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के सर्विलांस मेडिकल आफिसर (एसएमओ) डॉ अभिजीत जोशे, संयुक्त राष्ट्र बाल आपातकोष (यूनीसेफ) की जिला मोबलाइजेशन समन्वयक (डीएमसी) गुरदीप सिंह और बलवंत सिंह, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर (वीसीसीएम) शेख अबजाद सहित बड़ी संख्या ख्या में लोग मौजूद रहे।

# विश्वकर्मा जयंती पर जे के लक्ष्मी सीमेंट के अधिकारी व सेल्स प्रमोटर ने संयुक्त रुप से कई राजमिस्त्री को किया सम्मानित

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले में जहां एक ओर शहर से लेकर गांव तक विश्वकर्मा जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। वही उसी कड़ी में जे के लक्ष्मी सीमेंट समूह के ब्रांच हेड अखिलेश सिंह व जे के लक्ष्मी सीमेंट अयोध्या अम्बेडकर नगर के सीएनडीएस/सेल्स प्रमोटर अजीत गुप्ता ने संयुक्त रुप से अयोध्या जिले के सोहावल मे स्थित डीलर राजा ट्रेडर्स के मालिक कृष्ण मोहन शर्मा के यहां राजमिस्त्री सभा का आयोजन कर विश्वकर्मा जयंती हर्षोल्लास पूर्वक से मनाया।इस मौके पर सूत्र के मुताबिक लगभग तीन सौ से अधिक राजमिस्त्री मौजूद रहे। विश्वकर्मा जयंती पर वहां पर उपस्थित जे के लक्ष्मी सीमेंट समूह के ब्रांच हेड अखिलेश सिंह ने वहां पर मौजूद राजमिस्त्री को जेके लक्ष्मी सीमेंट के क्वालिटी व उपयोग के बारे में बताया।और उसके साथ ही राजमिस्त्री बंधुओं द्वारा लक्ष्य प्राप्ति करने पर जे के लक्ष्मी सीमेंट अयोध्या/अम्बेडकर नगर के सेल्स प्रमोटर अजीत गुप्ता द्वारा इनाम भी दिया गया। जिसके चलते इनाम पाने वाले




राज मिस्त्री के चेहरे पर साफ साफ खुशी झलक रही थी।इस मौके पर कंपनी के ब्रांच हेड अखिलेश सिंह द्वारा बताया गया कि जेके लक्ष्मी सीमेंट सबसे कम 22: फ्लाई ऐस मिलाती हैं जिससे उपभोक्ता को 10 से 15: तक उपयोग में बचत होती है।इस मौके पर ब्रांच टेक्निकल हेड भूपेंद्र मिश्रा द्वारा प्रो प्लस सीमेंट की तमाम खूबियों तथा स्कीम के बारे में बताया गया।इस मौके पर अयोध्या और अंबेडकर नगर जिले के सेल्स प्रमोटर अजीत गुप्ता जी व कंपनी इंजीनियर हिमांशु उपस्थित रहे।

# मौर्या बंधुत्व क्लब द्वारा डीआईजी अयोध्या कार्यालय में तैनात खाकी वाले गुरु जी के नाम से प्रसिद्ध एस आई रणजीत यादव हुये सम्मानित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)मौर्य बंधुत्व क्लब द्वारा जनपद प्रतापगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय शैक्षिक महाकुम्भ 2022 में डीआईजी अयोध्या में नियुक्त दारोगा/खाकी वाले गुरुजी रणजीत यादव को उनके सामाजिक कार्यों के लिए मैथ्स गुरु ऑफ इंडिया इंजीनियर बी0एन0 राव द्वारा स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर ''राष्ट्रीय धरोहर सम्मान–2022'' से सम्मानित किया गया।एआईआर एम सी–विज्ञान प्रसार और मौर्य बंधुत्व क्लब द्वारा उत्तर प्रदेश में पहली बार तीन दिवसीय राष्ट्रीय शैक्षिक महाकुम्भ का आयोजन जनपद प्रतापगढ़ के चिलबिला में आयोजित किया गया।जिसमें देश के कुल 23 राज्यों के सम्मानित वैज्ञानिक, गणितज्ञ के साथ साथ विज्ञान,शिक्षा,पर्यावरण,बाल विलक्षण प्रतिभाओं समेत नवाकुंर प्रतिभाओं और हजारों छात्र–छात्राओ को आमंत्रित किया गया था।वही इसी कड़ी में जनपद अयोध्या के पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय में नियुक्त समाजसेवी सब–इंस्पेक्टर रणजीत यादव को को ''राष्ट्रीय धरोहर सम्मान–2022'' से सम्मानित करने किये आमंत्रित किया गया था।उक्त सम्मान देश के ख्यातिप्राप्त गणितज्ञ डॉ0 वी0एन0 राव द्वारा वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 जे0जे0 रावल,वैज्ञानिक डॉ0 सी0एम0 नौटियाल, गणितज्ञ डॉ0 चंद्रमौली की उपस्थिति में समारोहपूर्वक अयोध्या के खाकी वाले गुरुजी को सम्मानित किया गया। प्रांगण में उपस्थित अतिथियों और छात्र–छात्राओं की तालियों से कार्यक्रम स्थल श्रीराम रिसोर्ट चिलबिला गुंजायमान हो उठा। रणजीत यादव ने बताया कि सम्मान कार्यक्रम के उपरांत माता बेल्हा देवी के दर्शन का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। मालूम हो कि उप निरीक्षक रणजीत यादव अपनी ड्यूटी से समय निकालकर ये गरीब असहाय और भिक्षावृत्ति से जुड़े हुए बच्चों को रोजाना पढ़ाते हैं! जेब खर्च से कॉपी,किताबध के साथ साथ




कलम,पेंसिल,रबड, कटर इत्यादि अध्ययन सामग्री प्रदान करते हैं!'खाकी वाले गुरुजी' के नाम से प्रसिद्ध रणजीत यादव ने अनूठे स्कूल की शुरुआत नवम्बर 2021 में कोतवाली अयोध्या के नयाघाट पर नियुक्ति के दौरान तब किया जब उन्होंने देखा कि कुछ बच्चे घाटों और मंदिरों के आस–पास भिक्षावृति कर रहे हैं। वर्तमान में अपना स्कूल में कुल 65 बच्चे भिक्षावृति त्याग कर निःशुल्क शिक्षा ले रहे हैं। काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी से दर्शनशात्र विषय में स्नातकोत्तर रणजीत यादव रक्तदान, पौधरोपण, शिक्षा,सुरक्षा और यातायात जागरूकता,गरीब असहायों की मदद करना जैसे सामाजिक सरोकार करते रहते हैं। प्रत्येक वर्ष गर्मी के मौसम में बेजुबानों के लिए 'थोड़ा सा दाना थोड़ा सा पानी' मुहिम भी इनके द्वारा चलाई जाती है! इनके द्वारा लिखित सामाजिक संदेश पर आधारित कई कहानियों का प्रसारण आकाशवाणी लखनऊ व आकाशवाणी फैजाबाद से हो चुका है। आजमगढ़ के मूल निवासी रणजीत यादव को 'सुरक्षा के साथ सेवा' भावना के चलते कई पुरस्कार मिल चुका है।

# देश बचाओ देश बनाओं पदयात्रा का कनौरा आगमन पर किया गया जोरदार स्वागत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर चल रहे देश बचाओ देश बनाओं पदयात्रा का आगमन पर आजमगढ़ जौनपुर बॉर्डर के कनौरा पर सपा जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया बतादें कि 9 अगस्त 2022 को अगस्त क्रान्ति के दिन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के वरिष्ठ छात्रनेता अविषेक यादव के नेतृत्व में साथियों के साथ में निकली पदयात्रा जौनपुर बॉर्डर पर पहुंची लालबहादुर यादव ने पद यात्रियों को सम्बोधित करते हुए कहा गाँव–गरीब–किसान–मजदूर–मजलूम की आवाज उठा रहे है। दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक के हक की लड़ाई लड़ते हुये। महंगाई, बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न, शिक्षा का बाजारीकारण, निजीकरण और पुलिसिया उत्पीड़न के खिलाफ सरकार से सवाल करते हुये और सबको इस भाजपा सरकार के खिलाफ लगातार आगाह करते हुये गाजीपुर से बलिया, मऊ, आजमगढ़ होते हुये लगभग 800 KM दूरी तय करते हुये आजमगढ़ के लालगंज होते हुए जौनपुर के विधानसभा केराकत पहुंचा वही अविषेक यादव के कहा



भाजपा सरकार देश और प्रदेश के विकास से पूर्णतया वंचित एंव उपेक्षित है भाजपा नेतृत्व के पास विकास का कोई विजन नहीं है लोहिया वाहनी के राष्ट्रीय महासचिव राघवेंद्र यादव ने कहा भाजपा सरकार कुछ भी बदलाव करने की स्थिति में नहीं है भाजपा सरकार बड़े उद्योगपति के हितों में काम कर रही है सन 2024 में जन विरोधी भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर करने के लिए जनता को मिलकर तैयार रहना होगा भाजपा ने सभी को धोखा देने का काम किया देश बनाओ देश बचाओ यात्रा में जनता का अपार समर्थन मिल रहा है यात्रा मे मुख्य रूप से राघवेंद्र यादव,अखिलेश गुप्ता, पंकज यादव, राजवीर, अविनाश गुप्ता, अवनीश, राजसाहनी,पंकज कुशवाहा, राकेश शर्मा, आशुतोष तिवारी, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, नीरज पहलवान, राकेश यादव, विनय मास्टर, शबनम नाज,अमित ठाकुर,शुभम,श्याम बहादुर, सुजीत कुमार, आदि।

# पीएम के जन्मदिन पर हिंदू भगवा वाहिनी ने मलिन बस्तियों में वितरित किए फल और मिठाइयां

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्रमोदी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष में राष्ट्रीय हिन्दू भगवा वाहिनी की प्रदेश अध्यक्ष डॉ अंजना सिंह जी के नेतृत्व मे संगठन की पदाधिकारी श्रीमती



सन्नी सिंह शैलेंद्र सिंह और डॉ रमेश सिंह के साथ कुदुपुर गांव के अंतर्गत परियावा गांव की अलग–अलग बस्तियों में सैदापुर लौकरी कलवारी आदि बस्तियों में जाकर आम जनमानस को मिठाई और फल वितरित कर जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर डॉ अंजना सिंह ने गरीब महिलओ की तमाम तरह की समस्याओं को भी सुना जिसमे प्रमुख रूप से मलिन बस्ती में आवास ,पानी की समस्याओं का अंबार लगा रहा।डॉ अंजना ने संबंधित समस्या को उसके निवारण के लिए आश्वासन दिया।

# दिल की आवाज को नजरअंदाज किया तो पछताएगें–डाक्टर पंकज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कायस्थ विकास संस्थान अयोध्या एंव डिवाइन हार्ट फाउंडेशन मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में एक निःशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन डी पी पैलेस राठ हवेली में किया गया। सीएमओ डाक्टर अजय राजा ने दीप प्रज्ज्वलित कर स्वास्थ्य शिविर एवं मेले का का शुभारंभ किया। सीएमओ डॉ अजय राजा को राम नामी पटका व राम दरबार स्मृतिचिन्ह के रूप मे भेंट कर सम्मानित किया।शिविर में लगभग तीन सौ से अधिक मरीजों ने निःशुल्क ईसीजी ,ब्लड शुगर, बी पी, जैसी बीमारियों से निजात पाने के लिए प्राथमिक परामर्श लिया। डिवाइन हार्ट मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल गोमती नगर लखनऊ के वरिष्ठ कार्डियक सर्जन एवं मेडिकल डारेक्टर डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव ने निःशुल्क परामर्श के साथ–साथ कहा कि दिल की आवाज को जिसने भी नजरअंदाज किया वह ज्यादातर मामलों में बाद में पछताता है यही बात दिल की सेहत पर भी लागू होती है जब उसके कामकाज पर कुछ असर पड़ता है तो वह कुछ संकेत देता है एक बार संकेत मिल जाए तो सही जांच और इलाज की जरूरत होती है। अगर सही समय पर जांच एवं इलाज हो जाए तो व्यक्ति एक गंभीर बीमारी से बचाया जा सकता है। वही डॉ जयेश शर्मा (डीएम) कार्डियोलॉजिस्ट ने कहा कि धुम्रपान से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ब्लड प्रेशर एवं शुगर का ध्यान रखें रोजाना कम से कम 45 मिनट सैर एवं व्यायाम करें फास्ट फूड से बचें तेल नमक चीनी का प्रयोग कम करें। डॉ अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा कि हृदय रोगों के प्रति लोगों को जागरूकता का अभाव है अगर सही समय पर व्यक्ति का उपचार हो जाए तो उस व्यक्ति को इस गंभीर बीमारी से बचाया जा सकता है। डॉ आनंद गुप्ता ने कहा कि तेजी से बढ़ रही गंभीर बीमारी एक चिंता का विषय है अगर सही समय पर बीमारी का इलाज हो जाए तो गंभीर बीमारी से रोगी को बचाया जा सकता है। वही महिला रोग विशेषज्ञ डाक्टर मेजर निधी गुप्ता ने कहा कि चालीस वर्ष के ऊपर की महिलाओं को रोगो से बचने के लिए नियमित जांच कराना चाहिए। कायस्थ विकास संस्थान के अध्यक्ष अरूण कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि समय–समय पर ऐसे कैंप लगाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य आगामी दिनो मे भी संस्था करती रहेगी। इस मौके पर संस्था के राजेश श्रीवास्तव प्रतीक श्रीवास्तव ज्ञानेश्वर भटनागर श्रीवास्तव चन्द्र मोहन श्रीवास्तव जयप्रकाश श्रीवास्तव स्वप्निल श्रीवास्तव दीपक जौहरी अभय श्रीवास्तव राजीव श्रीवास्तव अभय सिन्हा विवेक श्रीवास्तव रानू श्रीवास्तव दीपक पाण्डेय राम नन्दन तिवारी पार्षद सुनील श्रीवास्तव भाजपा करियप्पा मंडल अध्यक्ष रवि सोनकर महामंत्री रमेश पाण्डेय रघुनाथ आशीष श्रीवास्तव सोनू ने शिविर में आये सभी चिकित्सकों को राम नामी अंग वस्त्र के साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कनिष्ठ उपाध्यक्ष अभय श्रीवास्तव मंत्री राजीव श्रीवास्तव संयोजक प्रतीक श्रीवास्तव महानगर अध्यक्ष जयप्रकाश श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष रानू श्रीवास्तव मंत्री अभय सिन्हा मंत्री दीपक जौहरी ज्ञानेश्वर संरक्षक भटनागर डी पी पैलेस के प्रबंधक डाक्टर यतींद्र निगम स्वप्निल श्रीवास्तव दीपक पाण्डेय नन्दन तिवारी पार्षद डिवाइन हार्ट हॉस्पिटल से आए विजेंद्र कुमार सहाय टेक्नीशियन अतुल कुमार पीआरओ पंकज सिन्हा का अहम योगदान रहा।

# कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम की समीक्षा की गई

जौनपुर सू.वि. : माननीय केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री, भारत सरकार अन्नपूर्णा देवी के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम की समीक्षा की गई। ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत अवस्थापना सुविधाओं का संतृप्तिकरण की समीक्षा की। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ० गोरखनाथ पटेल ने बताया कि जनपद में 218 न्याय पंचायतों में डिस्कवरी लैब बनाने का लक्ष्य रखा गया है 11 न्याय पंचायत में डिस्कवरी लैब बनाई जा चुकी है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि डिस्कवरी लैब बनाए जाने का उद्देश है कि बच्चों के मन में बचपन से ही वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा की जाए। मा० मंत्री जी ने मनरेगा के तहत कराये जा रहे अमृत सरोवर एवं खेल मैदान की समीक्षा की। जनपद में अटल मनरेगा पार्क 21 के सापेक्ष कुल 46 पार्क बनाये गए है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत इत्र बनाने के लिए 60 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया हैं। महिलाओं को धूपबत्ती एवं पैकेजिंग का प्रशिक्षण दिया गया है। केराकत में वाशिंग पाउडर का निर्माण किया जा रहा है। समूहों के द्वारा मधुमक्खी पालन, शहद पालन, अचार मुरब्बा बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने निर्देश दिया कि समूहों को बैंक कोआपरेट करें। सामुदायिक शौचालयों का संचालन समूहों के द्वारा किया जा रहा है। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत कितने लोगो को जॉब दिलाया गया, जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि 171 लोगो को रोजगार दिलाया गया एवं प्रत्येक सप्ताह मेले का आयोजन कर रोजगार दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़को की समीक्षा की और जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि खराब सड़कों की मरम्मत तत्काल कराई जाए। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत वृद्धा, दिव्यांग पेंशन की समीक्षा की और निर्देश दिया कि शत–प्रतिशत आधार सीडिंग करा ली जाए। राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी एवं ग्रामीण की समीक्षा की और निर्देश दिया कि अधिक से अधिक लोगो को लाभ दिलाया जाएं। बारिश के कारण गिरे घर के लाभार्थियों को आवास देने का कार्य किया जाएं। स्वच्छ भारत मिशन नगरीय, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज–2 के अंतर्गत ओडीएफ प्लस गांव की प्रगति की समीक्षा की, जिलाधिकारी ने बताया कि 33 सामुदायिक शौचालय का निर्माण हाईवे और रोड के किनारे किया गया है। जल जीवन मिशन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, पीएम किसान सम्मान निधि की समीक्षा की। विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि ऐसे गांव जिनमे अभी जर्जर तार हो उन्हें बदल दिया जाए। मा० मंत्री जी के द्वारा अमृत योजना, नमामि गंगे योजना, सीवर ट्रीटमेंट प्लांट सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि पात्रों को अधिक से अधिक लाभ दिया जाएं। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने माननीय मंत्री जी को आश्वस्त कराया की उनके द्वारा दिए गए निर्देशों का शत–प्रतिशत पालन कराया जाएगा। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, जिलाध्यक्ष भाजपा पुष्पराज सिंह, ब्लॉक प्रमुखगण, मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ० संजय कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० लक्ष्मी सिंह सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अवैध गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

आजमगढ़ पत्रकार राजकुमार जायसवाल : पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के दिशा निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर लगाम लगाने हेतु अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बिलरियागंज थाना की पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए एक अभियुक्त तारिक पुत्र कद्दूस गांव विन्दवल थाना बिलरियागंज जनपद आजमगढ़ निवासी को उसके पास से 1 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा बरामद करते हुए जगमलपुर जानें वाले रास्ते पर 100 मीटर दूरी से गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार अभियुक्त पर



पुलिस ने संबंधित कानूनी कार्रवाई कर चालान माननीय न्यायालय भेज दिया । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम थानाध्यक्ष बिलरियागंज विजय प्रकाश मौर्य , कांस्टेबल धीरज त्रिपाठी, दीपक कुमार, राकेश कुमार तिवारी, अनिल यादव, ललिता सिंह व मय हमराही फोर्स शामिल रहे।

# हरदोई जनपद के नये जिलाधिकारी होगे मंगला प्रसाद सिंह

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : सुल्तानपुर के रहने वाले और 2018 बैच के आईएएस अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह 1997 में पीसीएस अधिकारी के रूप में सेवा में आए थे। वह पूर्वांचल के कई जिलों में सफलतापूर्वक सेवाएं दे चुके हैं।वर्ष 2004 में जौनपुर जिले में डिप्टी कलेक्टर, 2014



में वाराणसी मंडल में एडीएम तथा 2017 में विकास प्राधिकरण सचिव वाराणसी रह चुके हैं।शासन ने उन्हें प्रमोशन देकर पहली बार जिलाधिकारी के रूप में गाजीपुर की जिम्मेदारी सौंपी थी।अब उसके बाद उन्हें हरदोई जिले का डीएम बनाकर कार्यभार सौंपा गया है। हरदोई के जिलाधिकारी अविनाश कुमार का स्थानांतरण बाराबंकी जिले के जिलाधिकारी के पद पर हुआ है।

# जनपद में अबतक 10 लाख से ज्यादा लोगों को लगी मुफ्त प्रीकाशन डोज

जौनपुर सू.वि. : केन्द्र और प्रदेश सरकार की ओर से 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को 30 सितंबर तक कोविड की मुफ्त प्रीकाशन डोज लगनी है। इसी क्रम में जिले में अभी 10.19 लाख लोगों को मुफ्त प्रीकाशन डोज लग चुकी है। जनपद में कोविड टीका की अब तक 90.73 लाख डोज लगाई जा चुकी है। इसमें कोविड टीकाकरण की पहली और दूसरी डोज शत–प्रतिशत लगाई जा चुकी है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ नरेन्द्र सिंह ने 18 वर्ष से अधिक उम्र के लाभार्थियों से 30 सितंबर तक अपना मुफ्त प्रीकाशन डोज अवश्य लगवा लेने की अपील की है। डीआईओ ने बताया कि 30 सितंबर तक ही मुफ्त प्रीकाशन डोज लगाई जाएगी। इसके बाद 18 वर्ष से ऊपर के किसी भी लाभार्थी को प्रीकाशन डोज लगवाना होगा तो उसे प्राइवेट वैक्सीनेशन सेंटर पर भुगतान देकर ही प्रीकाशन डोज लगवाना होगा। जनपद में टीकाकरण की स्थितिः डीआईओ ने बताया कि अभी तक जनपद में 90,73,238 से ज्यादा टीके की डोज लगाई जा चुकी है, जिसमें से 41,13,023 से ज्यादा को पहली डोज, 39,53,002 से ज्यादा को दूसरी डोज तथा 10,07,213 से ज्यादा लोगों को प्रीकाशनरी डोज लगाई जा चुकी है। 18 वर्ष अधिक उम्र के 35,97,238 लोगों को प्रथम डोज तथा 34,76,029 से अधिक लोगों को दूसरी डोज लगाई जा चुकी है। 15 से 18 वर्ष में लोगों में 3,18,633 प्रथम डोज तथा 3,01,011 लोगों को दूसरी डोज लगाई जा चुकी है। 12 से 14 वर्ष 1,97,162 लोगों को प्रथम डोज तथा 1,75,962 लोगों को दूसरी डोज लगाई जा चुकी है।

# महज खानापूर्ति ही साबित हुई संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मियों द्वारा होटल सहित अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) गत दिनों लखनऊ के एक होटल में भीषण आग लगने के चलते उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश पर अयोध्या में स्थित महज होटल तक अग्निशमन विभाग, पुलिस विभाग, नगर निगम व अयोध्या फैजाबाद विकास प्राधिकरण की टीम ने निरीक्षण कर महज खानापूर्ति तक ही रह गई। एक दो दिन तक निरीक्षण करने के बाद इन प्रतिष्ठानों का निरीक्षण ही बंद हो गया।विभाग के अधिकारी व कर्मी इस निरीक्षण में एक दो होटल संचालकों पर थोड़ी बहुत कार्यवाही होने के बाद यह अभियान बंद हो गया।गत दिनों लखनऊ में स्थित एक होटल में भीषण आग लगने के चलते उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश पर जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों व कर्मियों ने कोतवाली नगर व अन्य थाना क्षेत्रों में होटल की चेकिंग की गई। जहां पर काफी लापरवाही पाई गई। जबकि इस विभाग के अधिकारियों व कर्मियों ने स्कूल, कालेज, हास्टल, अस्पताल में निरीक्षण करना मुनासिब नहीं समझा। अगर इस समय यदि इन जगहों पर अगर कोई हादसा हो जाए तो इसके गंभीर परिणाम होंगे।जबकि अग्निशमन विभाग विभाग के मुख्य अग्निशमन अधिकारी अयोध्या राज किशोर राय अपने टीम द्वारा इन सभी सार्वजनिक प्रतिष्ठानों पर अपने संसाधनों के बल पर आग पर नियंत्रण करने के प्रति जागरूक भी करते है।वही इसी कड़ी में इन प्रतिष्ठानों के संचालकों को समय–समय पर अग्निशमन विभाग इन को नोटिस भी जारी करता रहता है।विभाग के नोटिस पर होटल और गेस्ट हाउस संचालकों ने अग्निशमन की व्यवस्था तो की लेकिन मात्र उतनी की होटल और गेस्ट हाउस का लाइसेंस बचा रहे अर्थात काम चलाऊ व्यवस्था के सहारे यहां होटल और गेस्ट हाउस का संचालन किया जा रहा है। यह स्थिति तब है जबकि विकास के लिए पथ पर बढ़ रही राम नगरी में पर्यटकों को 2:00 से 3:00 दिन तक रोकने के लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं जिनमें नए होटलों की स्थापना पर विशेष जोर दिया जा रहा है लखनऊ के एक होटल हुई में अग्नि हादसे से शासन को भी हिला कर रख दिया है।प्रदेश की राजधानी में हुए इस हादसे को दृष्टिगत रखते हुए राम नगरी के होटलों और गेस्ट हाउस में जाकर वन विभाग की टीम ने पड़ताल की मुख्य अग्निशमन अधिकारी अयोध्या राज किशोर राय के नेतृत्व में गत दिनों शहर के कई होटलों में जांच की गई। इस दौरान अग्निशमन के उपाय तो लगभग सभी स्थानों पर थे लेकिन टीम संतुष्ट करने वाले नहीं रहे।आग बुझाने के लिए स्प्रंकलर मशीन 12 होटलों में ही मिली गेस्ट हाउस में यह उपकरण नहीं मिला छोटे होटलों में आकस्मिक निसर्ग निकासी द्वार और खिड़की भी नहीं मिली यही नहीं टीम ने होटल और गेस्ट हाउस के स्टाफ को अग्नि हादसे से निपटने के लिए भी प्रशिक्षण की आवश्यकता बताई हालांकि गत दिनों जबलपुर के एक अस्पताल में हुए अग्नि हादसे के बाद अभियान चलाकर अग्निशमन विभाग ने बड़े बड़े प्रतिष्ठानों के स्टाफ को ट्रेंड किया था लेकिन यह ट्रेनिंग हुए काफी वक्त भी चुका है मुख्य अग्निशमन अधिकारी बताते हैं कि लखनऊ की घटना के बाद यहां भी होटलों और गेस्ट हाउस में जाकर अग्निशमन के प्रबंध की पड़ताल की गई है कई स्थानों पर प्रबंध संतोषजनक नहीं मिले अधिकांश स्थानों पर अधिकांश स्थानों पर स्प्रिंकलर लगे नहीं मिले इसी लगवाने के निर्देश दिए गए हैं समय–समय पर जांच कर प्रतिष्ठानों को आवश्यक दिशा निर्देश और आवश्यकता पड़ने पर नोटिस भी दी जाती है राम नगरी में कितने होटल हैं इनकी सही जानकारी अग्निशमन विभाग के पास भी नहीं है इनकी संख्या के सवाल पर प्रश्न विभाग के अधिकारी का कहना है कि यहां नए–नए होटल खोल रहे हैं ऐसे में इनकी संख्या का सही आकलन मुश्किल है यही नहीं गली कूचे में खुले होटल अग्नि हादसे की दृष्टि से काफी अधिक संवेदनशील हैं यह संकट के समय अग्निशमन के बड़े वाहन का पहुंचना भी मुश्किल हो जाएगा वहीं मुख्य अग्निशमन अधिकारी राज किशोर राय ने कहा कि अग्नि हादसे से बचाव के लिए होटल धर्मशालाओं के मालिकों को जागरूक होना होगा उन्होंने कहा कि कम से कम एक ऐसा कर्मी रखना होगा जो अग्निशमन यंत्रों को संचालित करने का जानकार हो और प्रशिक्षण प्राप्त हो अग्नि हादसे के दौरान उसके उपयोगी होने से सुरक्षित बच सकें।

# वर्तमान समय मे सफेद हांथी साबित हो रहा है जिले में महिला मिशन शक्ति अभियान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वर्तमान समय में जहां एक ओर मोदी व योगी सरकार बेटियों व महिलाओं की सुरक्षा उनकी प्रमुख प्राथमिकता में से हैं।जिसके चलते केन्द्र व राज्य सरकार की योजना को प्राथमिकता में रखते हुए निवर्तमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी व उसके बाद शैलेश कुमार पाण्डेय के दिशा निर्देश पर बेटियों व महिलाओं की की सुरक्षा को लेकर जिले में एंटी रोमियो स्क्वायड दल, महिला मिशन शक्ति अभियान, क्यू आर टी महिला टीम, आपरेशन मजनू पिंजड़ा जैसे अनेक अभियान चलाया गया था।जो कि अब सफेद हांथी साबित हो रहा है।सूत्र के मुताबिक जिले में इस अभियान के निष्क्रिय होने के चलते वर्तमान समय में जहां एक ओर घर से बाहर निकलने वाली महिलाएं किसी अप्रिय घटना को लेकर भयभीत रहती हैं।वही इसी कड़ी में स्कूली छात्राएं भी घर से स्कूल, कोचिंग संस्थानों में जाते समय व वहां से घर आते समय किसी अनहोनी घटना को लेकर भयग्रस्त रहती है।मालूम हो कि इसके पहले रहे घ्निवर्तमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर इससे पहले अयोध्या जिले में तैनात महिला थाना प्रभारी अपने अधीनस्थ महिला टीमों के साथ जहां एक ओर शहर से गांव तक महिलाओं को उनके सुरक्षा के प्रति पंपलेट व सभा के माध्यम से महिलाओं व ब जागरूक करने के लिए काम कर रही थी।वही इसी कड़ी में उसी समय जिले में सभी थाना क्षेत्रों में छात्राओं को उनके सुरक्षा के प्रति महिला पुलिस कर्मियों द्वारा उन्हें जागरूक किया जा रहा था।वही इसी कड़ी में इसके पूर्व रही महिला थाना प्रभारी अपने अधीनस्थ महिला पुलिस कर्मियों के साथ स्कूल



कोचिंग व कालेजों के साथ साथ शहर के गुलाब बाडीध, गुप्तारघाट सहित अन्य प्रमुख पार्कों व सार्वजनिक पर जाकर आपरेशन मजनू के तहत अभियान चलाकर वहां पर सक्रिय अराजक तत्वों पर अंकुश लगाने का काम कर रही थी।परंतु वही अब इस तरह का अभियान जिले में नहीं दिखाई दे रहा है। वही इस संबंध मे महिला थाना प्रभारी निशा शुक्ला ने बताया कि इस समय फिलहाल महिलाओं को जागरूक करने का काम विगत दो सप्ताह से तो बंद है।उन्होंने बताया कि लेकिन इस समय छात्राओं को उनके सुरक्षा के जागरूक करने के लिए जिले के सभी खासकर लड़कियों के कालेजों, कोचिंग व अन्य शैक्षणिक संस्थानों में वे अपने अधीनस्थ महिला पुलिस कर्मियों के साथ स्वयं वहां जाकर छात्राओं को सभा व अन्य तरीके से सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का काम कर रही है।इस मौके पर उन्होंने बताया कि आगे चलकर शहर व गांवों में महिला जागरूकता अभियान शीघ्र ही चलाया जाएगा।

# पुलिस लाइन में अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने अत्याधुनिक उपकरणों से किया मार्कडिल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मुख्य अग्निशमन अधिकारी अयोध्या राजकुमार राय के दिशा निर्देश पर रविवार को पुलिस लाइन परिसर में अग्निशमन कर्मियों ने मार्क दिल किया इस दौरान फायर विभाग के कर्मियों ने अत्याधुनिक उपकरणों से लैस होकर विधिवत मार्ग दिल किया।इस दौरान मार्कडिल करने के दौरान उन्होंने यह



बताया के किस अत्याधुनिक उपकरण से किस समय आग पर काबू पाया जा सकता है यह किस अत्याधुनिक उपकरण से इसका उपयोग किया जाता है इस मौके पर अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने अत्याधुनिक उपकरणों से लैस होकर उस उपकरण के बारे में विधिवत जानकारी भी दिया।इस मौके पर अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने ब्रीडिंग आपरेटर्स (बी ए सेट) के माध्यम से यह बताया कि अगर किसी जगह पर आग लगने से आसपास जहरीली गैस फैलने के बावजूद आग पर काबू करने के लिए इस उपकरण का उपयोग होता है। इसके माध्यम से इसके माध्यम से इसका उपयोग करने वाले अग्निशमन कर्मियों को आक्सीजन गैस सिलेंडर के माध्यम से मिलती रहती हैं। वही इसी कड़ी में अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने मार्कडिल के दौरान अन्य उपकरणों के माध्यम से विधिवत जानकारी दिया। इस मौके पर अग्निशमन अधिकारी प्रदीप पांडे के अलावा राम प्रसाद पाण्डेय, सुनील तिवारी,पंच बहादुर, रंगी लाल, प्रदीप, बृजपाल, अतुल, सौरभ, सलाउद्दीन, हरेंद्र पटेल सहित अन्य अग्निशमन विभाग के कर्मी मौजूद रहे।

# विशाल मेगा मार्ट के महिला कैशियर की कंकाल व सामान गन्ने की खेत से बरामद : हत्यारोपी गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली नगर क्षेत्र के सिविल लाइन स्थित विशाल मेगा मार्ट कि अगवा महिला कैशियर के मामले में पुलिस को 22 दिन बाद कामयाबी मिली है।इस संबंध पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर गन्ने के खेत से मृतका का कंकाल तथा अन्य सामान बरामद किया है।वही पुलिस ने इस घटना में प्रयुक्त ई–रिक्शा भी कब्जे में लिया है। सूत्र के मुताबिक पिछले माह 27 अगस्त को कोतवाली नगर क्षेत्र में स्थित एक मार्ट में काम करने वाली 20 वर्षीय युवती लापता हो गई थी। जिसके चलते उसके भाई ने नगर कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ अगवा करने का अभियोग दर्ज कराया था।छानबीन में पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में युवती एक ई रिक्शा से जाते दिखी थी हालांकि तभी से ई–रिक्शा और उसका चालक लापता चल रहा था।ई रिक्शा चालक कि एक शख्स बातचीत होने की जानकारी पुलिस को लगी तो पुलिस में संबंधित शख्स को हिरासत में लिया और उसके माध्यम से पुलिस आरोपी तक पहुंच गई।रविवार को नगर कोतवाली में आयोजित पत्रकार वार्ता में एसपी सिटी मधुबन सिंह ने बताया कि कोतवाली नगर पुलिस ने गुरु गोविंद चौराहे से आरोपी अनूप सिंह निवासी गौरा थाना तारुन को गिरफ्तार किया है।पूछताछ में उसने युवती को अगवा कर हत्या की बात कबूली है पुलिस ने उसकी निशानदेही पर गन्ने के खेत से मृतका का कंकाल, मार्ट के आईडी कार्ड की डोरी, उसकी जूती, कपड़े, बाल तथा आरोपी का आधार कार्ड मिला है उसकी निशानदेही पर मृतका का मोबाइल,



युवती का हैंडबैग तथा वारदात में प्रयुक्त ई–रिक्शा और आरोपी का मोबाइल बरामद किया गया है, पूछताछ में आरोपी ने कबूला है कि किराए का कमरा दिलाने के बहाने वह युवती को अपने ई रिक्शा से ले गया और खुद शराब पीता था युवती को एक केन बीयर पिलाया मदहोश होने के बाद युवती को अपने गांव ले गया तथा शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश की असफल होने पर गला दबाकर हत्या कर दी उसको पास के गन्ने के खेत में फेंक दिया तथा उसका मोबाइल और बैग लेकर फरार हो गया मामले में दुष्कर्म, हत्या, शव को छुपाने तथा बरामदगी की धारा बढ़ा कर उक्त आरोपी का चालान किया गया।इस मौके पर सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह नगर कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक ओम प्रकाश व उनके टीम के अन्य उप निरीक्षक व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# अयोध्या जिले प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित योगी का मंदिर बना चर्चा का विषय

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) इस समय जहां एक ओर राम नगरी अयोध्या में भगवान श्री राम लला की भव्य मंदिर निर्माण हो रहा है वहीं इसके पहले राम जन्मभूमि से प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर 15 किलोमीटर दूर स्थित मौर्या का पूरवा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मंदिर बनकर तैयार हो गया है।जो काफी चर्चा का विषय बना हुआ है।जहां पर बाकायदा योगी के भजन के साथ आरती भी होती है। सूत्र के मुताबिक इस मंदिर को अयोध्या के ही एक युवक में बनवाया है। मिली जानकारी के मुताबिक अयोध्या के राम जन्मभूमि से 15 किलोमीटर व भरत के तपोस्थली भरत कुंड से 3 किलोमीटर दूर मसौधा ब्लाक के मौर्या का पुरवा में रहने वाला युवक अपने आपको योगी प्रचारक बताते हुए अपने ही गांव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मंदिर बना दिया है।इस मंदिर में योगी आदित्यनाथ की



मूर्ति बनाई गई है।जिसे धनुषधारी का अवतार रूप दिया है।यही नहीं इस मंदिर में बाकायदा भजन के साथ आरती, पूजन उसके बाद भोग भी लगाया जा रहा है। वही इस मंदिर का नाम भी योगी मंदिर रखा है। सूत्र के मुताबिक अब उक्त युवक अब उनके कार्यों से प्रसन्न होकर उनके नाम से भजन भी तैयार कर रहा है।

# अतिवृष्टि कर रही डिप्रेशन में वृद्धि– डा. आलोक मनदर्शन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) लगातार हो रही अतिवृष्टि तथा मौसम में महसूस हो रही जाड़े की आहट का कॉम्बिनेशन मौसमी भावनात्मक विकार या सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर या एस ए डी के लिये अनुकूल स्थति बन गयी हैं।यह एक प्रकार का डिप्रेशन है जो तीव्र मौसमी बदलाव से शुरू हो कर बढ़ता जाता है। इसका शिकार बड़ों की अपेक्षा किशोर व युवा ज्यादा होते हैं। एस ए डी के लक्षणो में अवसाद ग्रसित मनोदशा जैसे उदासी,निराशा, चिड़ चिड़ापन, अनिद्रा या अतिनिद्रा, पढ़ाई में मन न लगना,मूड स्विंग,थकान, मीठा खाने की तलब,भूख का ज्यादा, लगना, नशाखोरी, आत्मघाती या परघाती व्यवहार जैसे लक्षण दिखायी पड़ते है।यह जानकारी देते हुए जिला चिकित्सालय के किशोर व युवा मनोपरामर्शदाता डॉ आलोक मनदर्शन ने बताया कि इस समय मौसमी भावनात्मक विकार के मामले तेजी से सामने आ रहे है।सेरोटोनिन एक मस्तिष्क रसायन है जो मूड को प्रभावित करता है।कम सूरज की रोशनी सेरोटोनिन में गिरावट का कारण बन सकती है जो अवसाद को ट्रिगर कर सकती है।इसके साथ ही मेलाटोनिन मनोरसायन भी असन्तुलित हो जाता है जो नींद के पैटर्न और मूड में भूमिका निभाता है।तीसरा कारक है सूर्य के प्रकाश की कम उपलब्धता की वजह से विटामिन डी का स्तर भी शरीर मे कम हो जाता है जिससे सेरोटोनिन मनोरसायन का स्तर और भी कम हो जाता है। मनोउपचार की कॉग्निटिव बिहेवियर थेरेपी के साथ लाइट थेरेपी , विटामिन सप्लीमेंट व लाइफ स्टाइल मैनेजमेंट के साथ आठ घण्टे की गहरी नींद व स्वस्थ मनोरंजक गतिविधियों को बढ़ावा देना और मौसम भावनात्मक विकार या सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर के प्रति जागरूकता से बचाव व इलाज संभव है।

# उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण द्वारा मनाया गया जल महोत्सव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के कर्मडंडा ग्रामीण पेयजल योजना के अंतर्गत अयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री स्वतंत्र देव सिंह जल शक्ति मंत्री उत्तर प्रदेश शासन के आगमन पर मनाया गया। आपको बताते चलें कि कर्मडांडा योजना की लागत 3 करोड़ 18 लाख 81 हजार है। प्रधानमंत्री जी के जल जीवन मिशन के अंतर्गत महत्वाकांक्षी योजना हर घर जल हर घर नल के द्वारा सभी ग्राम वासियों को शुद्ध जल पहुंचाया जा सके इसके लिये प्रत्येक घर को इसका लाभ मिले। इसी क्रम में मंत्री जी द्वारा ग्राम की सभी 5 महिलाओं को जल की गुणवत्ता जांचने के लिए एफटीके किट का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रयोगशाला जल निगम की तरफ से नोडल अधिकारी श्री आलोक चौधरी (नोडल ६ लैब इंचार्ज )श्री हसन अली प्रयोगशाला, सहायक कु आकांक्षा राय, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन अधिशासी अभियंता श्री अरविंद यादव के द्वारा किया गया साथ में सहायक अभियंता श्री एस आई एच रिजवी व कर्मवीर गौतम जूनियर इंजीनियर उपस्थित रहे।

# शाम ढलते ही कोतवाली नगर क्षेत्र में गुलाब बाड़ी व ओवर ब्रिज से होकर गुजरने वाले लोग रहते हैं भयग्रस्त

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वर्तमान समय में रीडगंज देवकाली संपर्क मार्ग पर अगर आप कही जा रहे हैं तो जरा ध्यान से जाते।क्योंकि आपके साथ कभी भी यहां पर सक्रिय चोर उच्चको व अन्य अराजक तत्वों का शिकार हो सकते हैं। सूत्र के मुताबिक इस मार्ग पर आये दिन इधर से आने जाने वाले लोग इन अराजक तत्वों का शिकार होते हैं।जिसकी तहरीर किसी तरह कोतवाली नगर पुलिस तो ले लेती है पर जब भुक्तभोगी इस संबंध में कोतवाली नगर पुलिस से संपर्क करता है तो या तो पुलिस यह बात कह कर पल्ला झाड़ लेते हुए कहती है कि इस मामले की खोजबीन व छानबीन चल रही है या फिर उल्टी पुलिस खुद भुक्तभोगी से ही इतना सवाल जवाब करती हैं कि कुछ दिन बाद भुक्तभोगी इस संबंध में जानकारी के लिए कोतवाली नगर जाना ही बंद कर देता है।मालूम हो कि इस जगह पर आये दिन यहां पर सक्रिय अराजक तत्वों व चोर उचक्के द्वारा इधर से गुजर रहे लोगों को अपना शिकार बना लेते हैं। जिसके चलते भुक्तभोगी पीड़ित होकर कोतवाली नगर पर जाकर तहरीर देते हैं।सूत्र के मुताबिक पहले तो वहां पर तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा तहरीर नहीं ली जाती है और ली भी जाती है तो फाइल में ही दम तोड़ती दिखाई देती है। इस जगह के अलावा गुलाब बाड़ी मैदान में प्रतिदिन सुबह घूमने जाने वाले महिला व पुरुष चेन स्नैचिंग गिरोह का शिकार होते हैं।परंतु इस गिरोह व अराजक तत्वों को अंकुश लगाने में कोतवाली नगर पुलिस शिथिल दिखाई दे रही है।जिसके चलते इधर से गुजरने वाले लोग यहां पर सक्रिय इन अराजक तत्वों से काफी भयग्रस्त रहते हैं।अगर देखा जाए तो इन अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए कोतवाली पुलिस के अलावा चीता मोबाइल टीम, संबंधित पुलिस चौकी प्रभारी व उनकी टीम के साथ साथ प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अपने टीम के साथ खुद भ्रमणशील रहते हैं।

# बीकापुर नगर पंचायत विस्तारीकरण मामले में कई ग्राम प्रधान और उनके प्रतिनिधि उठा रहे हैं विरोध के स्वर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के बीकापुर नगर पंचायत सीमा विस्तारीकरण को लेकर नगर पंचायत में शामिल होने वाले ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों में विस्तारीकरण को लेकर गहरी नाराजगी देखी जा रही है। जिसके चलते विरोध के स्वर उठ रहे हैं। इस संबंध में ग्राम प्रधानों का कहना है कि पंचायत चुनाव हुए अभी मात्र डेढ़ वर्ष हुआ है। ऐसे में ग्राम प्रधानों को 5 वर्ष का कार्यकाल पूरा किए जाने के बाद विस्तारीकरण किया जाना चाहिए था। सीमा विस्तारीकरण को लेकर दी गई आपत्तियों को खारिज कर देने से भी ग्राम प्रधान खासे नाराज हैं। और इसे गलत तथा ज्यादती किया जाना बताया है।वही विस्तारीकरण के तहत बीकापुर और भदरसा क्षेत्र के प्रभावित होने वाले ग्राम प्रधान और उनके प्रतिनिधियों ने पूर्व मंत्री और मिल्कीपुर विधायक अवधेश प्रसाद से मिलकर उन्हें 12 बिंदुओं पर 12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा तथा मामला विधानसभा में उठाने की मांग की गई।ग्राम प्रधानों द्वारा दिए गए मांग पत्र में बताया गया है कि शासनादेश जारी होने के बाद सीमा विस्तार के विरुद्ध प्रस्तुत की गई आपत्तियों पर बिना किसी सुनवाई के ही मनमाने तौर पर निस्तारण और



निरस्त कर दिया गया है जो अन्याय पूर्ण है। नगर पंचायत के विस्तारीकरण की अधिसूचना शासन द्वारा सार्वजनिक किए जाने के बाद प्रभावित लोगों द्वारा अपनी आपत्तियां प्रस्तुत की गई थी। विस्तारीकरण में भौगोलिक परिस्थितियों का सही आकलन नहीं किया गया है।सीमा विस्तार के तहत नगर पंचायत में शामिल किए जाने वाली ग्राम पंचायतों में पंचायत चुनाव नहीं कराया जाना चाहिए था। जैसा की अयोध्या नगर निगम के विस्तारीकरण में ग्राम पंचायतों का चुनाव नहीं करवाया गया था।

# पीड़ित परिवार से मिले आनंद सेन एवं फिरोज खान गब्बर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पड़ोसी जनपद गोंडा के थाना नवाबगंज की ग्राम सभा मांझा राठ के 22 वर्षीय निवासी देवनाथ यादव उर्फ देवा के साथ हुई अप्रिय घटना के सन्दर्भ में आज उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव जी एवं बीकापुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान उर्फ गब्बर ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कानूनी लड़ाई में हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। दो दिन पूर्व देव नारायण यादव उर्फ देवा की नवाब गंज थाना में पुलिस द्वारा हत्या कर दी गयी थी। इस मौके पर समाजवादी पार्टी जिला गोण्डा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष पप्पू यादव, वरिष्ठ नेता संजय यादव, डाक्टर राम प्रताप यादव, राम चेत यादव,निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष श्री एजाज अहमद, बीकापुर विधानसभा के निवर्तमान अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल, पूर्व प्रधान नरेन्द्र यादव, वरिष्ठ नेता राकेश यादव, जगजीवन पटेल, यूथ ब्रिगेड गोण्डा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष दिनेश यादव, अजीत यादव, प्रधान दुर्गा गंज राधेश्याम यादव, श्याम यादव, पूर्व प्रधान गोविंद यादव प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# खतरे के निशान से ऊपर हुआ सरयू का जलस्तर : घाटों पर लगे खतरे की चेतावनी वाले बोर्ड

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) इस समय सरयू नदी खतरे के निशान से 19 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है।जिसको लेकर इस समय निचले क्षेत्रों में रहने वाले लोगो के लिए खतरा मंडरा रहा है।वहीं अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं को भी सरयू नदी में अब खतरे से बचाए जाने के लिए सरयू के घाटों पर जिला प्रशासन ने जंजीर के अंदर स्नान करने के साथ ही स्थान स्थान पर खतरे की चेतावनी वाले बोर्ड भी लगा दिए गए हैं।सूत्र के मुताबिक पिछले दिनों पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही भारी बारिश और प्रदेश भर में हुई भारी वर्षा के कारण अयोध्या की सरयू नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है मौजूदा समय में सरयू का जलस्तर खतरे के निशान को पार करके 19 सेंटीमीटर ऊपर बह रहा है जिसके कारण निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है प्रशासन अलर्ट मोड पर है और सहयोग के आसपास बसे हुए गांव में अलर्ट जारी कर दिया गया है। सरयू का जलस्तर प्रति घंटे 1 सेंटीमीटर बढ़ रहा है। जब कि 2009 में सरयू का जलस्तर हाईएस्ट 94.10 दर्ज किया गया था सरयू नदी का खतरे का निशान 92.7 30 है सरयू का मौजूदा जल स्तर 93.20 चल रहा है जो खतरे के निशान से 19 सेंटीमीटर ऊपर है।सरयू नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद अयोध्या में भी प्रशासन ने श्रद्धालुओं को भी सरयू नदी के तट पर गहरे पानी में स्नान करने पर प्रतिबंध लगा दिया है बकायदा पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है जो श्रद्धालुओं को गहरे पानी में स्नान करने से रोक रहे है सरयु की जलधारा में लगी हुई जंजीरों के आगे ही स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं से निवेदन किया जा रहा है। तो वहीं सभी घाटों पर चेतावनी वाले बोर्ड भी लगाए गए है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।